# स्वतंत्र समय

इंदौर
शुक्रवार 10 मई 2024 | वर्ष - 11
अंक-04 | पृष्ठ-08 | मूल्य-03 रु.
भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर से एक साथ प्रकाशित
E- PAPER WWW.SWATANTRASAMAY.COM

सबसे पहले सबसे सटीक
खबरों के लिए
www.ghamasan.com
Ghamasan .com

# 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी: शाह

## तेलंगाना में केंद्रीय गृह मंत्री ने भरी हुंकार, कहा-अबकी बार 400 पार



■ स्वतंत्र समय, हैदराबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी है और यह विकास के लिए वोट और 'जिहाद के लिए वोट' के बीच मुकाबला है। तेलंगाना के भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'भारतीय गारंटी' और कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'चीनी गारंटी' के बीच है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम तेलंगाना को शरिया और कानून पर चलाना चाहते हैं।

### मुझे केवल 'मोदी, मोदी' की गूंज सुनाई देती है




अमित शाह ने कांग्रेस, बीआरएस और ए आई एम आई एम को तुष्टिकरण की तिकड़ी बताते हुए कहा कि ये पार्टियां रामनवमी जुलूस नहीं निकलने देतीं और सीएए का भी विरोध करती हैं। उन्होंने कहा- ये लोग हैदराबाद मुक्ति दिवस (17 सितंबर) मनाने की अनुमति नहीं देते हैं। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मैं जहां भी जाता हूं, मुझे केवल 'मोदी, मोदी' की गूंज सुनाई देती है। तेलंगाना ने कमल को चुनने का फैसला किया है, और उसका प्यार और आशीर्वाद इस बार हमें 400 के पार ले जाएगा।

### 2019 के चुनाव में 4 सीटों पर आशीर्वाद दिया

उन्होंने कहा-तेलंगाना के लोगों ने 2019 में हमें 4 सीटों का आशीर्वाद दिया और इस बार, मुझे यकीन है कि हम तेलंगाना में 10+ सीटें जीतने जा रहे हैं। तेलंगाना का यह डबल-डिजिट स्कोर निश्चित रूप से मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा। विपक्ष पर हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि मल्लिकार्जुनम खड़गे का कहना है कि तेलंगाना और राजस्थान के लोगों को कश्मीर से कोई लेना-देना नहीं है। दुर्भाग्य से वह नहीं जानते कि यहां के लोग कश्मीर के लिए अपनी जान भी दे सकते हैं।

## देरी से पहुंचे सीएम, आनंद शर्मा ने नहीं किया इंतजार शुभ मुहूर्त में भरा नामांकन

**स्वतंत्र समय, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव की नोटिफिकेशन जारी होने के बाद अब नामांकन का दौर शुरू हो गया है। सूबे में मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के बाद अब कांगड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने भी गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। गुरुवार को दोपहर साढ़े 12 बजे के करीब आनंद शर्मा ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान सीएम सुक्खू को भी पहुंचना था, लेकिन वह देरी से पहुंचे। इससे पहले ही आनंद शर्मा ने शुभ मूहुर्त के चलते अपना नामांकन दाखिल कर दिया। बाद में सीएम सुक्खू, राजीव शुक्ला, डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री सहित कई अन्य नेता यहां पहुंचे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश में सशक्त उम्मीदवार देना चाह रही थी इसलिए प्रदेश में उनकी तरफ से हैवीवेट कैंडिडेट उतारे गए हैं कांगड़ा से आनंद शर्मा एक राष्ट्रीय नेता हैं, उन्होंने कहा की पार्टी हाईकमान ने बहुत सोच विचार के बाद आनंद शर्मा को फाइनल किया है।



## एअर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू ने हड़ताल वापस ली, बर्खास्त 25 कर्मचारी बहाल होंगे

**स्वतंत्र समय, नई दिल्ली।** एअर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने गुरुवार शाम 8 बजे हड़ताल वापस ले ली। चीफ लेबर कमिश्नर ने कहा कि एयरलाइन बर्खास्त 25 कर्मचारियों को नौकरी पर वापस लेगी। एअर इंडिया एक्सप्रेस के 200 से ज्यादा क्रू-मेंबर्स 7 मई की रात को अचानक छुट्टी पर चले गए थे। बुधवार से ही काम पर नहीं आ रहे थे। इन सभी कर्मचारियों ने एक साथ पहले सिक लीव अप्लाई की और अपना मोबाइल फोन ऑफ कर लिया था। इस वजह से मंगलवार रात से 170 से ज्यादा उड़ानें रद्द की गई थीं। एयरलाइन ने गुरुवार सुबह 10 बजे 25 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एयरलाइन ने बाकी कर्मचारियों से कहा कि आज शाम 4 बजे तक नौकरी पर लौट आएं। ऐसा न करने पर सबको निकाल दिया जाएगा।






### महिला ने टीएमसी नेता के खिलाफ केस वापस लेने थाने में लगाई अर्जी

# 'हमें पैसे दिए गए थे'...!

## संदेशखाली मामले में आया नया मोड़

■ स्वतंत्र समय, कोलकाता

संदेशखाली को लेकर एक बार फिर राज्य में सियासी उठापटक जारी है। पिछले हफ्ते एक वायरल वीडियो को लेकर सियासत हुई थी। जिस वायरल वीडियो में भाजपा का एक स्थानीय नेता ये कहता नजर आया था कि शुभेन्दु अधिकारी ने पैसे देकर संदेशखाली के मामले को बड़ा किया था। इस वीडियो में मौजूद नेता ये भी कहता नजर आया था कि महिलाओं को पैसे देकर झूठे केस दर्ज कराए गए थे। एक महिला ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि मुझसे सफेद कागज पर साइन कराया गया। फिर बाद में मुझे पता चला कि मेरे नाम से रेप केस फाइल करवाया गया है। इस महिला ने थाने में जाकर केस वापस लेने का आवेदन दिया है। महिला आरोप लगा रही है कि उन्हें इसके बाद से धमकी मिल रही है। इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर कांग्रेस, जेएमएम के नेताओं सहित कइयों ने ट्वीट किया है। वहीं टीएमसी की नेता और मंत्री शशि पांजा ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को पैसे देकर रेप का केस दर्ज करवाया है। कइयों से तो सफेद कागज पर साइन करवा लिया है। वे महिलाएं अब थाने में जाकर कह रही हैं कि हम केस वापस लेना चाहते हैं।

### आयोग में शिकायत करने बुलाया था



नियति मैती नामक एक महिला ने कहा कि जिस दिन महिला आयोग की टीम पुलिस स्टेशन आई थी, उसी दिन पियाली ने हमें अपनी शिकायतें आयोग के साथ शेयर करने के लिए बुलाया था। मैंने उन्हें बताया कि हमें मनरेगा का जॉब कार्ड और खाना पकाने के लिए पैसे नहीं मिले हैं। हमें केवल वह पैसा चाहिए था और कोई अन्य शिकायत नहीं थी। हमारे साथ रेप जैसी कोई घटना नहीं हुई। हमसे एक सफेद कागज पर हस्ताक्षर करवाकर हमें फंसाया गया। ठीक इसी तरह का बयान 2 महिलाओं तापती मैती और मीरा मैती ने भी दिया है। उन्होंने कहा कि उनसे भी सफेद कागज पर दस्तखत करवाकर रेप की झूठी शिकायत दर्ज करवाई गई। इन महिलाओं ने भी अपनी शिकायत वापस लेने की बात कही है।

### सुवेंदु अधिकारी पर खराब बर्ताव के आरोप

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तृणमूल नेता शशि पंजा ने कहा-महिलाएं अब कह रही हैं कि उनसे झूठी शिकायत दर्ज करवाने के लिए कहा गया था। महिलाएं अपनी शिकायत वापस लेना चाहती हैं। सुवेंदु अधिकारी ने बांकुरा में एक रैली की जहां उन्हें तृणमूल की महिला कार्यकर्ताओं का विरोध झेलना पड़ा। सुवेंदु अपना आपा खो बैठे और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया।

### वायरल वीडियो में किया गया क्या दावा?

गौरतलब है कि शनिवार को संदेशखाली में एक स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो सामने आया। इससे विवाद और बढ़ा। स्थानीय टेलीविजन चैनल पर प्रसारित इस कथित वीडियो में गंगाधर कोयल नामक एक व्यक्ति कहते सुना जा रहा है कि संदेशखाली की महिलाओं का यौन उत्पीड़न नहीं हुआ, लेकिन विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के निर्देश पर उन्हें %बलात्कार% पीड़िता के रूप में पेश किया गया था। कोयल कथित तौर पर भाजपा का मंडल (बूथ) अध्यक्ष है।

### सादे कागजों पर साइन कराकर कराई गई शिकायत

तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को कथित वीडियो का जिक्र कर कहा- भाजपा के एक स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए। बाद में इसे टीएमसी नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतों के रूप में पेश किया गया। इस वीडियो क्लिप के वायरल होने से पहले पार्टी के एक स्थानीय पदाधिकारी ने दावा किया था कि इस प्रकरण के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी का हाथ था।

## हरियाणा में कांग्रेस ने गवर्नर से मांगा टाइम, फ्लोर टेस्ट की मांग

■ स्वतंत्र समय, हरियाणा

हरियाणा में 3 निर्दलीय विधायकों द्वारा भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेने के बाद कांग्रेस पार्टी ने गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय से मिलने के लिए समय मांगा है। पार्टी का कहना है कि नायब सिंह सैनी की अगुआई वाली राज्य सरकार बहुमत खो चुकी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि राज्यपाल से 10 मई को मिलने का टाइम मांगा गया है। हमारे विधायकों का डेलिगेशन जाएगा। दुष्यंत चौटाला भी अपने विधायक लेकर आ जाएं। मौजूदा सरकार अल्पमत में आ गई है। नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। राष्ट्रपति शासन लागू कर चुनाव कराने चाहिए। उधर, भाजपा की पूर्व सहयोगी पार्टी जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने भी राज्यपाल को लेटर लिखकर सैनी सरकार के फ्लोर टेस्ट की मांग की है।

पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने गुरुवार को गवर्नर को पत्र लिखा। चौटाला ने कहा कि अगर बहुमत नहीं तो तुरंत राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। उन्होंने भाजपा पर हॉर्स ट्रेडिंग के भी आरोप लगाए। भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार में दुष्यंत साढ़े 4 साल डिप्टी सीएम रहे। इनेलो ने गवर्नर को पत्र लिख राष्ट्रपति शासन की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये सरकार विधानसभा सेशन बुलाने का अधिकार भी खो चुकी है।

### जजपा ने भी फ्लोर टेस्ट के लिए पत्र भेजा, 3 विधायक खट्टर से मिले



### खट्टर ने की विधायकों से मुलाकात

सरकार पर आए संकट के बीच पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर पानीपत में राज्यमंत्री महिपाल ढांडा के घर पहुंचे। यहां उन्होंने जजपा के देवेंद्र बबली और जोगीराम सिहाग समेत 3 बागी विधायकों से मीटिंग की। हालांकि, मीटिंग में हुई चर्चा को लेकर किसी ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। वहीं जजपा के फ्लोर टेस्ट की मांग पर सीएम नायब सैनी ने कहा कि हम सत्र भी बुलाएंगे और विश्वास मत भी हासिल करेंगे। एक महीने पहले ही विश्वास मत हासिल किया है। इन्हें ज्यादा जल्दी नहीं होनी चाहिए।

## ईडी ने सुको में केजरीवाल की जमानत का विरोध किया

### कहा- चुनाव में प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं

■ स्वतंत्र समय, नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत का विरोध किया। ईडी ने अदालत में एफिडेविट फाइल किया। एजेंसी ने कहा कि वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और इससे पहले किसी नेता को प्रचार के लिए न्यायिक हिरासत से जमानत नहीं मिली है। प्रचार




करना मौलिक अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट ईडी के डिप्टी डायरेक्टर भानु प्रिया ने दाखिल किया। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट केजरीवाल की जमानत पर फैसला सुनाएगा। दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल अभी ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं। जमानत के लिए केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट गए हैं। पिछली सुनवाई यानी 2 मई को सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कहा था कि चुनाव 5 साल में आते हैं, ये असाधारण परिस्थिति है। कोर्ट ने कहा था कि हम केजरीवाल को जमानत देते हैं तो हमारी शर्त रहेगी कि वे सरकार के काम में दखलंदाजी नहीं करेंगे।

## पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका, मजदूरों के चीथड़े उड़े, 7 की मौत, 3 गंभीर रूप से घायल

■ स्वतंत्र समय, शिवकाशी

तमिलनाडु के शिवकाशी में गुरुवार को एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट में पांच महिलाओं सहित सात मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए।
यह घटना भारत के पटाखा केंद्र के रूप में प्रसिद्ध शिवकाशी शहर में सामने आई। जब विरुधुनगर जिले में शिवकाशी के पास सेंगामालापट्टी में स्थित एक निजी पटाखा फैक्टरी में आग लग गई।



पुलिस और दमकल सेवा कर्मी बचाव अभियान शुरू करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। विस्फोट के समय पटाखा फैक्टरी में लगभग 10 कर्मचारी मौजूद थे। गौरतलब है कि फरवरी में विरुधुनगर जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तब इन मौतों पर शोक जताया था। हर मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाने की घोषणा की गई थी।


### 1062 अंक गिरकर सेंसेक्स 72,404 पर बंद हुआ

# सेंसेक्स में 7 दिन में दूसरी बड़ी गिरावट, निवेशकों के 7.6 लाख करोड़ डूबे

■ स्वतंत्र समय, मुंबई

शेयर बाजार में गुरुवार को मई महीने की दूसरी बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 1062 अंक गिरकर 72,404 पर बंद हुआ। इससे पहले 3 मई को 1139 पॉइंट्स लुढ़का था। वहीं, निफ्टी में भी 345 अंक की गिरावट आई। निफ्टी 21,957 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी देखने को मिली।
बाजार की इस गिरावट में निवेशकों के 7.6 लाख करोड़ रुपए डूब गए। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 400 लाख करोड़ रुपए से नीचे गिरकर 393.34 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। बुधवार को इन कंपनियों का मार्केट कैप 400.97 लाख करोड़ रुपए था। ऑटो को छोड़कर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सभी सेक्टर में गिरावट दिखने को मिली। निफ्टी ऑटो में 0.78 प्रतिशत की तेजी रही। जबकि ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.15 फीसदी की गिरावट रही। एफएमसीजी में 2.47 प्रतिशत, रियल्टी में 2.23 प्रतिशत और मेटल में 2.87 फीसदी की गिरावट रही।

### बाजार में गिरावट के 3 कारण



**लोकसभा चुनाव...** भारतीय शेयर बाजार को पहले ही मौजूदा लोकसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत का भरोसा है, इसलिए बाजार काफी ज्यादा चढ़ चुका है। अब स्टॉक मार्केट ओवरबॉट स्थिति में हैं, इसलिए निवेशक समय से पहले मुनाफा वसूली कर रहे हैं।

**बिकवाली...** विदेश निवेशक इस महीने भारी बिकवाली कर रहे हैं। उन्होंने गुरुवार तक कैश सेगमेंट में 15,863 करोड़ के शेयर बेचे हैं, जबकि फ्यूचर एंड ऑप्शन (एफएंडओ) सेगमेंट में एफआईआई ने 5,292 के शेयर बेचे हैं। इससे मार्केट पर दबाव बढ़ा है।

**इंडेक्स हैवीवेट में बिकवाली...** एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो मार्केट क्रैश में टॉप कॉन्ट्रीब्यूटर है। 2024 की चौथी तिमाही के खराब नतीजों के कारण एलएंडटी लगभग 6 प्रतिशत गिर गया। वहीं एचडीएफसी बैंक 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। रिलायंस ने भी बाजार पर दबाव बढ़ाया।

### स्टेट बैंक का मुनाफा 24 फीसदी बढ़ा 13.70 रुपए के लाभांश का ऐलान

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 9 मई को वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजों की घोषणा की। इस तिमाही में स्टेट बैंक का स्टैंडअलोन मुनाफा सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 20,698 करोड़ रुपए हो गया है। पिछले साल की समान तिमाही में मुनाफा 16,694 करोड़ था। एसबीआई के बोर्ड ने प्रति शेयर 13.70 रुपए के डिविडेंड (लाभांश) पेमेंट की सिफारिश की है। इस डिविडेंड के लिए पात्र शेयरधारकों का निर्धारण 22 मई 2024 को उनकी ओनरशिप के आधार पर किया जाएगा। डिविडेंड पेमेंट 5 जून, 2024 को किया जाएगा। रिजल्ट के बाद स्टेट बैंक का शेयर 9.20 रुपए या 1.13 प्रतिशत बढ़कर 820 रुपए पर बंद हुआ। शेयर ने 839.65 रुपए का लाइफटाइम हाई भी बनाया। बीते 6 महीने में एसबीआई का शेयर करीब 40 प्रतिशत चढ़ा है। वहीं इस साल अब तक शेयर करीब 28 फीसदी का रिटर्न दे चुका है।

## सार-संक्षिप्त

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज आएंगे धार

**स्वतंत्र समय, धार।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार 10 मई को धार महू लोकसभा क्षेत्र के तीन विधानसभा में प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह धरती गांव पूर्व मंत्री उषा ठाकुर भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर सहित वरिष्ठ नेता विधानसभा प्रभारी जिला पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को तय कार्यक्रम अनुसार सुबह 10 बजे पीथमपुर हेलीपैड पर पहुंचेंगे वहां से 11 बजे महू भगवान परशुराम जन्मस्थली जानापाव में दर्शन कर आरती में शामिल होंगे। वहां से खरगोन जिले में प्रस्थान कर दो फिर 2 बजे धरमपुरी विधानसभा के धामनोद में रोड शो में शामिल होंगे दोपहर 3 बजे बदनावर में कृषि उपज मंडी में धार महू लोकसभा भाजपा प्रत्याशी सावित्री ठाकुर के पक्ष में आम सभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

### जिला मीडिया प्रभारी ने भाजपा नेता गोविंद मालू के निधन पर किया शोक व्यक्त

**स्वतंत्र समय, झाबुआ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भानु भुरिया एवं जिला मिडिया प्रभारी ने खनिज विकास निगम के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता गोविन्द मालू के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष भानु भुरिया ने कहा गोविंद मालू जी ने कर्मठता से संगठन के विभिन्न दायित्वों को निर्वाहन किया। मालू का असमय निधन भाजपा परिवार के लिए बड़ी क्षति है। जिला अध्यक्ष भुरिया ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी योगेन्द्र नाहर ने गोविंद मालू के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा की मालू ने कर्मठता से संगठन के विभिन्न दायित्वों को निभाया।

### स्वीप गतिविधि अंतर्गत मशाल रैली का आयोजन

**स्वतंत्र समय, झाबुआ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के नेतृत्व में जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रतिदिन स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजन किया जा रहा है जिसमे जिला प्रशासन आमजन को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित कर रहा हैं। इसी के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल जितेन्द्रसिंह चौहान के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत रामा में स्वीप गतिविधि अन्तर्गत मशाल रैली निकाल कर समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारियों स्थानीय लोगों को शपथ दिलाई।

# महाराज वाड़ा स्कूल में बना हेरिटेज होटल

## पर्यटन विकास निगम तय करेगा ठहरने के रेट, अभी शुरू होने में दो माह लगेंगे

**स्वतंत्र समय, उज्जैन।** स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा महाकाल मंदिर परिसर के नजदीक स्थित महाराजवाड़ा स्कूल भवन को राजस्थान की ठेका कंपनी से पांच सितारा हेरिटेज होटल के रूप में परिवर्तित कर इसे मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम को हेंडओवर कर दिया था। इसके बाद पर्यटन विकास निगम इसे वीवीआईपी ग्राहकों के मुताबिक सुविधा के मान से परिवर्तित कर रहा है। यह कार्य करीब दो महीने में पूरा हो जाएगा और फिर विभाग के मुख्यालय से होटल में ठहरने के रेट तय होंगे तथा इसे आरंभ किया जाएगा।




उल्लेखनीय है कि महाकाल महालोक के निर्माण के बाद से उज्जैन में धार्मिक पर्यटन में काफी इजाफा हुआ है। महाकाल मंदिर परिसर के नजदीक स्थित इस महाराजवाड़ा भवन में पहले शासकीय महाराजवाड़ा हायर सेकंडरी स्कूल संचालित होता था। महाकाल-रुद्रसागर एकीकृत विकास दृष्टिकोण (मृदा) परियोजना के फेज-2 के तहत स्मार्ट सिटी कंपनी ने भवन के रिनोवशन का काम जयपुर की राजपुताना कंस्ट्रक्शन कंपनी से कराया था। इस कार्य के लिए 19.16 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। महाराजवाडा भवन का रिनोवेशन कार्य सीमेंट की बजाय गुड़, मैथी, गूगल, बिल्व पत्र के फल, उड़द का पानी और चूना मिलाकर तैयार मटेरियल से किया गया था, ताकि भवन अगले 200 साल मजबूती से खड़ा रहे। यहां 24 कमरे मौजूद थे जिन्हें 22 कमरों को होटल के लिए और 2 कमरों को किचन और अन्य इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है।

### संचालन का अनुभव नहीं, इसलिए हैंडओवर

स्मार्ट सिटी कंपनी के ईई अनिल जैन ने बताया कि जयपुर की कंस्ट्रक्शन कंपनी के अपना काम पूरा करने के बाद यह होटल स्मार्ट सिटी कंपनी को संचालित करना थी, लेकिन होटल मैनेजमेंट का अनुभव नहीं होने के कारण इसे मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम को हेंडओवर कर दिया गया है। वह अब अपने हिसाब से पांच सितारा होटल के मुताबिक इसमें कुछ परिवर्तन कर रहे हैं।

### हेरिटेज होटल महाकाल मंदिर के बेहद नजदीक

मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम के अधिकारी राजकुमार रघुवंशी ने बताया कि उज्जैन में विभाग की होटल अवंतिका, यात्रिका, होटल शिप्रा वर्षो से संचालित हो रही है। महाराजवाड़ा स्कूल में बनी पांच सितारा हेरिटेज होटल को वीवीआईपी ग्राहकों की सुविधा के मुताबिक मोडिफाईड किया जा रहा है। इसमें फर्श पर लगे कोटा स्टोन के स्थान पर मार्बल, हर कमरे में किचन तथा अन्य सुविधाओं के अलावा इंटीरियर, फर्नीचर, बिजली, एयरकंडीशनर सहित अन्य कई कार्य कराए जा रहे हैं। यह सभी कार्य अगले दो महीने में पूरा होने की संभावना है। उन्होंने यह भी बताया कि यह हेरिटेज होटल महाकाल मंदिर के बेहद नजदीक है। इस दृष्टि से होटल के रेट भी वीवीआईपी ग्राहकों के मान से विभाग के मुख्यालय से ही तय होंगे।

# चिंतामन गणेश मंदिर की दान पेटी से 10 लाख से अधिक की आय

**स्वतंत्र समय, उज्जैन।** चिंतामन गणेश मंदिर की भेंट पेटी से 10.9 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं। अभी केवल नोट और 10-20 रुपए के सिक्कों की गणना की गई है। फिलहाल 1, 2 और 5 रु. के सिक्कों की गणना नहीं की गई। इन्हें वापस भेंट पेटी में रख दिया गया है। उल्लेखनीय है कि चिंतामन गणेश मंदिर में भेंट पेटी लंबे समय से नहीं खोली गई थी। भक्तों और श्रद्धालुओं द्वारा भगवान को अर्पित की जाने वाली गर्भगृह के सामने रखी शासकीय भेंट राशि से पेटी पूरी तरह भर चुकी थी। भेंट बाहर निकल रही थी। इस बार मंदिर की भेंट पेटी की गणना करीब चार महीने बाद बुधवार को हुई।



भगवान चिंतामन गणेश मंदिर की भेंट पेटी बुधवार को राजस्व अधिकारियों की देखरेख में खोली गई। दोपहर 12 बजे से शुरू हुई गिनती देर शाम तक चली। भेंट पेटी में से एक अमरीकन डालर भी प्राप्त हुआ है। इसके पुनः दानपेटी में डाल दिया गया है। बुधवार को राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार आलोक चौरे, राजस्व निरीक्षक भगवानसिंह यादव की देखरेख में पटवारी के दल ने मंदिर समिति के कार्यालय में भेंट पेटी खोलकर राशि की गिनती प्रारंभ की। शाम तक भेंट राशि की गणना के बाद मंदिर समिति को 10 लाख 9 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। यह राशि चिंतामन गणेश मंदिर प्रबंध समिति के खाते में जमा होगी। राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भेंट से निकले सभी नोट के साथ सिक्कों में केवल 10 और 20 के सिक्कों को गणना में शामिल किया गया। 1 2 और पांच के सिक्कों की अभी गणना नहीं की गई है। सिक्कों की गणना नहीं करने के संबंध में बताया गया कि अधिकारियों-कर्मचारियों की चुनाव में ड्यूटी है। सिक्कों की गणना में अधिक समय लगता है, इसलिए इनकी गणना फिलहाल नहीं की गई है। गौरतलब है कि श्री चिंतामन गणेश मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी कार्य मंदिर समिति द्वारा दान पेटी से मिलने वाली भेंट राशि के माध्यम से किए जाते हैं। प्रशासन द्वारा मंदिर में कार्य कराए जाते है। चिंतामन गणेश मंदिर की भेंट पेटी से कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देश पर पेटी खुलवाई गई। प्रबंधक अभिषेक शर्मा के अनुसार सिंहस्थ 2016 से ही चिल्लर पेटी में ही जमा है। भेंट पेटी से एक अमरीकन डालर भी मिला है। इसे पुनः भेंट पेटी में रख दिया गया है।

# मतदाता जागरुकता अभियान के तहत काव्य गोष्ठी में प्रस्तुत की रचनाएं

**स्वतंत्र समय, खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए खण्डवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले भर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। यह जानकारी देते हुए ककस प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में ककस परिवार व्दारा काव्यगोष्ठी आयोजित की गई।

इस दौरान जानेमाने साहित्यकार डा. प्रतापराव कदम के मुख्य अतिथि एवं डा. जगदीशचंद्र चौरे की अध्यक्षता में कवि कला संगम ककस परिवार के साहित्यकार एवं कवियों द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु सुनील चौरे उपमन्यु, सत्यनारायण चौहान, ओमप्रकाश चौरे, तारकेश्वर चौरे, संतोष चौरे, रंजना जोशी, निर्मल मंगवानी, कविता जाटव, भूपेंद्र मौर्य, डा. अशोक नैगी, सलोनी सैन, मंगला चौरे, दीपक चाकरे चक्कर, नितिन बिवाल, कविता विश्वकर्मा आदि व्दारा मतदान जागरूकता पर अपनी काव्य रचनाएँ प्रस्तुत कर मतदान करने का संदेश दिया गया। साथ ही सभी ने मतदान करने एवं मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने की शपथ भी ली। इस दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा उपस्थित सभी साहित्यकार एवं कवियों का पुष्प मालाओं से स्वागत कर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी शुभंकर की शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील चौरे एवं आभार स्वीप अधिकारी निरज पाराशर द्वारा व्यक्त किया गया।



# कांग्रेस और इंडी पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री

## लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में मांगा आशीर्वाद

**स्वतंत्र समय, बड़वानी।** मध्य प्रदेश में चौथे चरण का मतदान 13 मई को होगा। इसके लिए मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव कमर कसकर चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। गुरुवार को पाटी नगर पहुँचे मुख्यमंत्री सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के मंत्री अभी जेल में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के कई नेता जमानत पर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारा घोटाले में लालू यादव को जमानत मिली हुई है। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी का नाम लेते हुए कहा कि कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता भी जमानत पर चल रहे हैं। सीएम यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस आज से नहीं 70 साल से मंदिरों का निमंत्रण ठुकरा रही है। उन्होंने कहा कि जब सोमनाथ मंदिर का भूमिपूजन किया गया था, तब नेहरू ने सोमनाथ मंदिर का निमंत्रण ठुकरा दिया था। उन्होंने कहा था देश में ये सब होना ठीक नहीं है। वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने राम मंदिर का फैसला सुनाया। राम मंदिर का भूमि पूजन हो गया, निर्माण हो गया और रामलला भी आकर बैठ गए लेकिन कांग्रेस से कोई नहीं आया, इन्होंने आज फिर निमंत्रण ठुकरा दिया। अब 13 मई को जनता इन्हें ठुकराएगी। सीएम ने कहा, क्योंकि जो राम का नहीं हो सकता, वो किसी का नहीं हो सकता। लाडली बहना और किसान योजना पर की बात सीएम ने कहा कि आपने बीजेपी को चुना तो आपको लाडली बहना योजना का लाभ मिला। किसानों के खातों में भी योजना का पैसा पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी योजना बंद नही होगी। सीएम ने जनता से बीजेपी के समर्थन में वोट मांगे। सीएम ने कांग्रेस को जीरो कहते हुए डबल विकास का वादा किया, बोले, अगर इस बार हमारी सरकार आई तो, विकास की रफ्तार डबल कर देंगे। बता दें कि बीजेपी इस बार अबकि बार 400 पार का नारा लेकर चुनावी मैदान में है।



# प्रचार: भाजपा प्रत्याशी ठाकुर का सरदारपुर विधानसभा के अनेक ग्रामों में सघन जनसंपर्क

## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी जनसंपर्क में हुए शामिल

**स्वतंत्र समय, धार।** धार- महू लोकसभा क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सावित्री ठाकुर एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी का गुरुवार को जनसंपर्क कार्यक्रम सरदारपुर विधानसभा के राजगढ़ नगर व ग्रामीण मंडल में ग्रामबड़ोदिया से शुरुआत हुई।



भाजपा प्रत्याशी ठाकुर ने 13 मई को होने जा रहे चुनाव के लिए संपर्क से समर्थन मांगकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार सरकार बनाने के लिए अपील की। जनसंपर्क के दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटोदिया पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया, नविन बानिया जिला पंचायत सदस्य सुनील गामड़ मंडल अध्यक्ष मंडल पदाधिकारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। चुनावी जनसंपर्क ग्राम बिछिया रिंगनोद रतनपुरा गुमानपुरा छड़ावाद धुलेट दत्तीगांव अमोदिया राजगढ कंजरोटा सहित ग्रामो में सघन जनसंपर्क किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# जहां यज्ञ हवन होता है, वह भूमि पवित्र हो जाती है: श्रीकृष्ण गोपाल दास महाराज

## मां चामुंडा सेवा समिति ने संत महात्माओं व आयोजक मंडल का किया अभिनंदन

**स्वतंत्र समय, देवास।** जहां यज्ञ हवन होता है, वह भूमि पवित्र हो जाती है। वह भूमि प्रेत आत्माओं से मुक्त हो जाती है। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का दिव्य आयोजन जिस भव्यता के साथ संपन्न हुआ है और देवास वासियों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा, यज्ञ नारायण की सेवा करके यज्ञ में यजमान बनकर जो पुण्य लाभ कमाया है वह अतुलनीय है। वास्तव में यज्ञ बहुत ही कठिन परिश्रम से संपन्न होते हैं। आयोजक मंडल के वासुदेव परमार, राहुल हारोडे एवं आयोजन समिति ने समर्पण भाव से इस पुण्यमय कार्य को संपन्न किया वह साधुवाद के पात्र हैं। सच्चा आशीर्वाद सिर पर हाथ रखवाने से नहीं मिलता। किसी का भला करने पर हृदय से जो आशीर्वाद प्राप्त होता है। वही सच्चा आशीर्वाद होता है। यह विचार साकेतवासी गरुड़दास जी महाराज ध्यान योग साधना एवं सेवा न्यास पंचमुखी धाम आगरोद की प्रेरणा मे मालीपुरा मैं श्री कृष्ण गोपालदास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति के दौरान मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा संत महात्माओ के सम्मान अवसर पर व्यक्त किए। मां चामुंडा सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में श्री कृष्ण गोपाल दास जी महाराज, काशी से पधारे रघुनाथ दास जी, विजय दास जी, चित्रकूट के रवी लोचन दास जी, भुवनेश्वर दास जी, पंचमुखी धाम से स्वामी दामोदरानंदजी, सुखराम दास जी सहित यज्ञमण्डप में उपस्थित संत महात्माओं एवं आयोजक मंडल के वासुदेव परमार, राहुल हरोडे का मां की चुनरी ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाकर पुष्पमालाओं से आत्मीय अभिनंदन किया गया।



# अपने अधिकार का भान करें सबसे पहले मतदान करें



**स्वतंत्र समय, बड़वानी।** शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी के प्राचार्य डॉ. दिनेश वर्मा के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के द्वारा लोकसभा निर्वाचन के प्ररिप्रेक्ष्य में स्वीप एक्टिविटीज के अंतर्गत युवाओं को निरंतर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी संदर्भ में प्रतिभाशाली छात्रा खुशी अग्रवाल ने सुंदर पोस्टर का निर्माण किया और उस पोस्टर के माध्यम से इस बात का संदेश दिया जा रहा है कि अपने अधिकार का भान करें और 13 मई को सबसे पहले मतदान करें। कार्यकर्ता प्रीति गुलवानिया, कैम्पस एम्बेसेडर वर्षा मुजाल्दे ने बताया कि जैसे-जैसे खरगोन लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तारीख 13 मई निकट आ रही है, वैसे-वैसे कॉलेज के स्टूडेंट्स का उत्साह बढ़ता जा रहा है। सभी मताधिकार का उपयोग करके लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान देने के लिए उत्सुक हैं।

### जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने आमजनों से मिलकर की मतदान करने की अपील

**स्वतंत्र समय, धार।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा आज विकासखंड नालछा, मनावर और धरमपुरी के भ्रमण पर रहे। श्री मिश्रा ने नालछा में आमजनों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। साथ ही उन्होंने मतदाताओं को मिलने वाली वोटर स्लिप के बारे में पूछताछ भी की। इसके पश्चात उन्होंने धरमपुरी के ग्राम तारापुर, चंदावड़ और धरमपुरी के मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया।

मिश्रा इसके बाद ने शासकीय महाविद्यालय मनावर पहुंचकर बनाए गए स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। तत्पश्चात बाकानेर में बनाए गए मतदानकेंद्र का अवलोकन किया। इस अवसर पर धरमपुरी एआरओ शाश्वत शर्मा, मनावर एआरओ राहुल गुप्ता एसडीओपी अंकित सोनी साथ थे। जिला पंचायत सीईओ सविता झानिया ने आज बदनावर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही ग्राम ढोलाना में मतदाता पर्ची वितरण कार्य को देखा।

## फील्ड क्राफ्ट बैटल क्रॉफ्ट एवं मैप रीडिंग का दिया प्रशिक्षण

# वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स ले रहे वैपन ट्रेनिंग

**स्वतंत्र समय, देवास।** 9 एमपी बटालियन एनसीसी के केडेट्स के लिए दस दिवसीय कैंप के अंतर्गत 22 रायफल तथा मैप रीडिंग स्किल के तहत कम्पास का उपयोग करना सिखाया गया। कैडेट्स ने टारगेट पर निशाना लगाने का अभ्यास भी किया। सरस्वती विद्या मन्दिर सीबीएसई विद्यालय, देवास के प्रांगण में चल रहे शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र एवं छात्रा केडेटों को एन.सी.सी. के अधीन संचालित होने वाली नियमित गतिविधियों का आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

कमान अधिकारी कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कि वेपन ट्रेनिंग के अंतर्गत एनसीसी में उपयोग आने वाले 22 रायफल के संचालन एवं टारगेट पर निशाना लगाने का प्रशिक्षण दिया गया। जंगलों में और सुनसान इलाकों में जवानों को मैप रीडिंग की जानकारी होनी चाहिए, इसी उद्देश्य से केड्टों को मैप रीडिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिसमें नक्शे की सहायता से उत्तर दिशा ज्ञात करना तथा प्रिजमैटिक कम्पास की सहायता से स्वयं के स्थान की पहचान करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ये प्रशिक्षण सूबेदार मेजर ब्रजेश कुमार, सूबेदार सजी एस के अंतर्गत प्रदान किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वरुण भारतीय ने भी कैडेट्स को सेना मे कमिशन रेंक की परीक्षा हेतु आवश्यक विषय से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी ताकि कैडेट्स अधिक से अधिक सेना में उच्च पदों पर भर्ती हो सके।





# 2000 बच्चों ने दी धर्म की परीक्षा

## जैन संस्कार शिविर... क्रोध ,मान, माया, लोभ आत्मा के अंतरंग शत्रु

**स्वतंत्र समय, इंदौर**

यंग जैन स्टडी ग्रुप द्वारा सन्मति स्कूल में आयोजित नो दिवसीय जैन संस्कार शिविर के समापन अवसर पर 2000 शिविरार्थी बच्चों को संबोधित करते हुए शिविर प्रमुख प्रकाश छाबड़ा ने कहा की विपरीत सोच और मान्यताएं ही सारे पापों की जड़ है। जब तक हमारी मान्यताएं और सच्चा ज्ञान नही होगा तब तक हमारा आचरण भी सुधरने वाला नही हे। सही बातों को जानने का उपाय प्राचीन ग्रंथों का अभ्यास करना है। आपने बच्चों को प्रेरणा देते हुए कहा की प्रातः जल्दी उठना,देव पूजा, स्वाध्याय, गुरु उपासना, संयम, तप, दान आदि का महत्व समझाया। क्रोध, मान,माया ,लोभ आत्मा के अंतरंग शत्रु है। उक्त जानकारी देते हुए प्रवक्ता मनीष अजमेरा व अजय मिंटा ने बताया की शिविर के समापन अवसर पर शिविरार्थी बच्चो ने धर्म की परीक्षा दी। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, अशोक जैन ( अरिहंत केपिटल ), इंद्रा सिक्योरिटीज़ के विजित रामावत, दीपक जैन टीनू, एम के जैन, सुनील जी शाह के आतिथ्य में बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

**समापन पर बच्चों को दिया इनाम**

## थैलेसीमिया के प्रति मरीजों को जागरूक करने की जरूरत है



**स्वतंत्र समय, इंदौर**

इंडेक्स मेडिकल कॉलेज और इंदौर एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने विशेष साझेदारी के तहत थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान, थैलेसीमिया दिवस के मौके पर इंडेक्स हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा विश्व विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर इंडेक्स मेडिकल कॉलेज मालवांचल यूनिवर्सिटी के छात्रों को भी थैलेसीमिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. प्रीति मालपानी ने ब्रोन मैरो ट्रांसप्लांट के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया, 'थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रोग है। इस रोग में लाल रक्त कण नहीं बन पाते और जो बन पाते हैं, वो कुछ समय तक ही रहते है। इस रोग से पीड़ित व्यक्ति को बार-बार खून चढ़ाना पड़ता है।'

## 'अनदेखी' सीजन 3 की रिलीज से पहले दिव्येंदु भट्टाचार्य ने 'गुलाबी' का पूरा किया पहला शेड्यूल

**स्वतंत्र समय, मुंबई/इंदौर।** अपने जड़ चित्रण और त्रुटिहीन स्क्रीन उपस्थिति के लिए जाने जाने वाले दिब्येंदु भट्टाचार्य हुमा कुरेशी के साथ 'गुलाबी' में एक बार फिर दर्शकों को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं। दिब्येंदु भट्टाचार्य ने कहा, 'मुझे अहमदाबाद के खूबसूरत शहर में शूटिंग करना बहुत पसंद आया। हालांकि चिलचिलाती गर्मी ने इसे चुनौतीपूर्ण बना दिया, लेकिन हुमा के साथ फिर से शूटिंग करना एक शानदार अनुभव रहा। हमारे पास वास्तव में एक अच्छी टीम है, जिसमें विपुल मेहता निर्देशक और विशाल राणा निर्माता हैं।



कुल मिलाकर यहां अहमदाबाद में स्वादिष्ट भोजन और बेहतरीन लोगों के साथ शूटिंग करना मजेदार रहा । अब मैं मुंबई में अगले शेड्यूल का इंतजार कर रहा हूं।' 'अनदेखी सीज़न 1 और 2,' 'जामताड़ा सीज़न 1 और 2,' 'महारानी 2,' 'पोचर्स,' 'रॉकेट बॉयज़ सीज़न 1 और 2,' 'क्रिमिनल जस्टिस' में अपने प्रतिष्ठित किरदारों के लिए जाने जाने वाले दिब्येंदु लोकप्रिय वेब श्रृंखला, 'अनदेखी' की तीसरी किस्त में डीएसपी बरुण घोष के रूप में अपने प्रशंसकों के लिए एक और दृश्य प्रस्तुति देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### आजकल में गिरफ्तार नहीं हुआ तो राठौर फरार अपराधी होगा घोषित

# निगम में करोड़ों का फर्जी बिल घोटाले में फरार इंजीनियर पर 10 से बढ़कर 25 हजार हुआ इनाम

**स्वतंत्र समय, इंदौर**

नगरनिगम में हुए करोड़ों के फर्जी बिल घोटाले में किंग पिन माने जाने वाले इंजिनियर अभय राठौर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने शिंकजा कसना शुरु कर दिया है। अगर वे आज कल में गिरफ्तार नहीं हुए तो पुलिस उन्हें फरार अपराधी घोषित कर देगी। पुलिस एमजी रोड ने निगम के फरार इंजीनियर राठौर पर 10 हजार रु इनामी राशि बढ़ाकर 25 हजार रुएए कर दी है। इसी प्रकार पुलिस राठौर समेत फरार दो अन्य आरोपियों इमरान और मौसमी के सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर लगाने की तैयारी कर रही है। उधर राठौर के घर में 4 इंच का अवैध नल कनेक्शन मिलने के मामले में निगम की टीम जांच के सिलसिले में गुरुवार को फिर उनके निवास पर पहुंची। एक तरफ पुलिस ने राठौर को गिरफ्तार करने के लिए जाल बिछा रखा है वहीं दूसरी और निगम की टीम विभागीय घोटाले में राठौर के काले कारनामे उजागर करने में जुटी हुई है। राज्य सरकार की हाई पॉवर कमेटी भी मामले की जांच में जुट गई है।

बता दे की बुधवार को इन्दौर नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा के निर्देश पर एडिशनल कमिश्नर अभिलाष मिश्रा व्दारा अभय राठौर के घर छापामार कार्रवाई की गई थी । कार्रवाई के दौरान टीम को राठौर के घर में 4 इंच का अवैध नल कनेक्शन मिला। इसके साथ ही चार 20 से 30 हजार लीटर के टैंकर मिले है। अब निगम इस मामले की जांच को तेजी से आगे बढ़ा रही है।

**पुलिस, निगम और हाईपॉवर कमेटी जुटी अपनी-अपनी जांचों में**

**फरार आरोपियों के सार्वजनिक स्थलों पर चिपकाए जााएंगे पोस्टर**



### इसलिए निगम को 10 फीट का गड्ढा खोदना पड़ा

टैंकर की कहानी को पकड़ने के लिए घर के नल कनेक्शन को देखने की जरूरत थी । टंकी पर भी ताला लगा हुआ था इसलिए कनेक्शन देखा नहीं जा सकता था । ऐसी स्थिति में नगर निगम की टीम के द्वारा टंकी के पास के स्थान पर 10 फीट गहरा गड्ढा खोदा गया । इस गड्ढे के कूदने पर यह स्पष्ट हुआ कि इस स्थान पर चार इंच का नल कनेक्शन अवैध रूप से लिया हुआ था । जब टंकी के अंदर की स्थिति को देखा गया तो उसमें से ऐसे पाइप निकले इसके माध्यम से टैंकर में पानी भरा जा सकता था।

### राठौर की गिरफ्तारी के लिए बहुत सारे प्रयास किए : पांडे



*नगर निगम के इस घोटाले की जांच की कमान संभाल रहे डीसीपी पंकज पांडे ने बताया कि अभय राठौर की गिरफ्तारी के लिए बहुत सारे प्रयास किया जा रहे हैं । इन प्रयास में अब तक सफलता नहीं मिली है । इस स्थिति को देखते हुए अभय राठौर की गिरफ्तारी पर इनाम की राशि को बढ़ाकर 25000 रु करने का प्रस्ताव भेज दिया गया है । इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाने की उम्मीद है । इसके साथ ही पुलिस की ओर से अभय राठौर को फरार अपराधी घोषित करने के लिए न्यायालय में अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की तैयारी की जा रही है ।*

### शहर में लगेंगे पोस्टर

*टीआइ विजयसिंह सिसोदिया के मुताबिक, घोटाले से संबंधित चार एफआइआर दर्ज हो चुकी है। जांच के लिए हीरानगर, ग्वालटोली, बाणगंगा, एमजी रोड़ और पुलिस लाइन के पुलिसकर्मियों की टीम गठित की गई है। एक टीम विवेचना संबंधित कार्य करती है। दूसरी टीम बैंक खाते और डेटा विश्लेषण संबंधित कार्य में जुटी है। छापामार कार्रवाई और पूछताछ के लिए पृथक से दल बनाए गए हैं। पुलिस ने राठौर की संपत्ति की जानकारी निकाली तो गुलाब बाग कालोनी, पवनपुरी और वार्ड-32 में घर मिले। अब पुलिस ने राठौर की तलाश तेज कर दी है। पुलिस ने आरोपित के पोस्टर छपवाकर कालोनी, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों पर चस्पा करने की तैयारी की है।*

## पीथमपुर में पिनेकल इंडस्ट्रीज इलेक्ट्रिक बसें बनाएगी

**स्वतंत्र समय, इंदौर**

शहर के पास बन रही स्मार्ट इंडस्ट्रियल पीथमपुर सेवन टाउनशिप में अपना नया प्लांट डालने के लिए पिनेकल कंपनी ने मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) में आवेदन देकर लगभग जमीन की कुल कीमत की 25 प्रतिशत राशि जमा करा दी। यह कंपनी इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाएगी। एमपीआईडीसी के अनुसार पिनेकल कंपनी ने इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट के लिए लगभग 50 एकड़ जमीन ली है।

यह कंपनी यहां पर इलेक्ट्रिक बसें बनाएगी। एमपीआईडीसी से हुए अनुबंध के अनुसार यह कंपनी 1000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। लगभग 500 लोगों को रोजगार देगी। पिनेकल कंपनी को पीआईएल के नाम से भी जाना जाता है। यह पुणे, महाराष्ट्र में भारतीय मोटर वाहन और इंटीरियर संबंधित निर्माण करती आ रही है। अधिकारियों के आसार इस कंपनी के अलावा लगभग 6 कंपनियां जमीन लेने के लिए कतार में हैं।

**सेवन टाउनशिप में नया प्लांट डालने की तैयारी**

## आयुक्त ने सफाई व्यवस्था, रोड निर्माण और मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

### कार धोकर गंदगी फैलाने पर होटल राजशाही पर स्पॉट फाइन करने के निर्देश

**स्वतंत्र समय, इंदौर।** आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा प्रतिदिन शहर की सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण के साथ ही आज मतदान केदो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अखिलेश उपाध्याय, क्षेत्रीय झोनल अधिकारी, सीएसआई एवं अन्य उपस्थित थे। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था के साथ ही आज प्रातः काल झोन क्रमांक 11 के अंतर्गत उषागंज, रेसिडेंसी एरिया पीडब्ल्यूडी ऑफिस, जावरा



कंपाउंड क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा मतदान केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा झोन क्रमांक 11 ढक्कन वाला कुआं क्षेत्र में स्थित सुलभ कांप्लेक्स का निरीक्षण किया गया। आयुक्त वर्मा द्वारा निरीक्षण के दौरान पाया कि होटल राजशाही द्वारा बोरिंग के माध्यम से वाहन धोया जा रहा हैं, जिसके कारण गंदा पानी एवं गंदगी रोड़ पर आ रही थी।

## कांग्रेस बोली, सभी पोलिंग बूथों पर कैमरे लगाए जाएं

### कलेक्टर ने कहा - 61 प्रतिशत कैमरे लगाने पर हो चुका है निर्णय

**स्वतंत्र समय, इंदौर**

लोकसभा चुनाव में भाजपा के द्वारा अपनी जीत का अंतर बढ़ाने के लिए जमकर फर्जी मतदान कराया जा सकता है । ऐसी स्थिति में जरूरी है कि सभी मतदान केदो पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर उसकी रिकॉर्डिंग की जाए । यह मांग कांग्रेस के द्वारा इंदौर के जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह से की गई है । कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने किया । प्रतिनिधि मंडल में इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, प्रमोद टंडन, विनय बाकलीवाल, राजेश चौकसे, राजू भदोरिया, अमन बजाज, दीपू यादव,पिंटू जोशी, राजा चौकसे शामिल थे ।

**जमकर फर्जी मतदान कराया जा सकता है :** इस प्रतिनिधि मंडल के द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। इस ज्ञापन में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में इंदौर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी को भाजपा के द्वारा षड्यंत्र रचकर चुनाव से बाहर करवा दिया गया है । ऐसी स्थिति में अब इंदौर में भाजपा को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं है।

### अंतिम समय तक पार्टी के लिए काम करते रहे गोविंद मालू

# दो साल में भाजपा ने उमेश शर्मा के बाद एक और प्रखर प्रवक्ता खोया

**विपिन नीमा, इंदौर**

चुनावों के दौरान टीवी चैनलो और जनता के बीच फुल कॉन्फिडेंस के साथ विपक्षों पर हमला बोलना, अपनी पार्टी के मुद्दों को दमदारी के साथ रखना, मीडिया के आड़े-तिरछे सवालों का सटीक जवाब देना, विपक्ष के नेताओं के बयानों पर कटाक्ष करना, जनता के सामने अपनी बातें मजबूती के साथ पेश करना और अपनी जोरदार प्रस्तुति से सबको आकर्षित करना ये सब एक अच्छे प्रवक्ता की पहचान है। ये सारे गुण लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू भी अपने मित्र, प्रदेश प्रवक्ता और प्रखर वक्ता स्व उमेश शर्मा के पास चले गए हैं। 8 मई की रात को हार्ट अटैक से प्रदेश प्रवक्ता मालू का निधन हो गया। प्रवक्ता की हैसियत से वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा कवर करने के लिए धार गए थे। मंगलवार की शाम को लोटे इंदौर लोटे थे। भाजपा नेता और सबके प्रिय गोविंद मालू के निधन से प्रदेश भाजपा और इंदौर को बड़ी छती हुई है।

आज से 2 साल पहले यानी सितंबर 2022 को भी एक बड़ा नुकसान प्रखर वक्ता उमेश शर्मा के रूप में हुआ था। वे भी गुजरात विधानसभा चुनाव में प्रचार करके इंदौर लौटे थे और यहाँ आने पर उनका भी हार्ट अटैक से निधन हो गया था। साफ सुथरी राजनीति करने वाले उमेश जी और मालू जी पार्टी के प्रति उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। दुनिया से अलविदा होने से पहले दोनों नेता अंतिम समय तक पार्टी के लिए काम करते रहे।

**मालू एक दिन पहले ही धार में मोदी की सभा कवर करके लौटे थे**

**दो साल पहले उमेश शर्मा भी गुजरात चुनाव की ड्यूटी से लौटे थे**



गोविंद मालू



उमेश शर्मा

### सोशल मीडिया पर हमेशा सक्रिय रहते थे मालूजी

*वे लोकल राज्य स्तरीय टीवी चैनलो पर अक्सर राजनीतिक बहस में हिस्सा लेकर मजबूती के साथ हर सवालों का जवाब देकर अपनी बात रखते थे। कांग्रेस के खिलाफ सोशल मीडिया पर उनकी रोज 4 से 5 पोस्ट आती थी। गोविंद मालू खनिज विकास निगम के उपाध्यक्ष और भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी भी रह चुके हैं। अभी वे पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता थे। उनके निधन पर पार्टी नेताओं ने भी शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू मीडिया और सोशल मीडिया पर पार्टी का पक्ष जोरदार तरीके से रखते थे। आकस्मिक निधन से 12 घंटे पहले भी उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस पर निशाना साधा था। इंदौर ही नहीं बल्कि प्रदेश की मीडिया से उनके घनिष्ठ संबंध रहे। अब सिर्फ उनकी यादें रह गई है।*

### उमेश शर्मा दमदारी के साथ उठाते थे मुद्दे

*भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू के निधन से भाजपा के ही एक और प्रवक्ता उमेश शर्मा की भी यादे ताजा हो गई। 11 सितम्बर 2022 को उनकी भी हार्ट अटैक से मृत्यु हुई थी। उमेश शर्मा पार्टी में कर्मठ, ईमानदार और प्रखर प्रवक्ता के रुप में पहचाने जाते थे। उमेश शर्मा के निधन के समय प्रदेश के तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान इंदौर में ही थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उमेश शर्मा को ईमानदार और पार्टी का कर्मठ कार्यकर्ता बताया। उमेश शर्मा निधन से एक दिन पहले गुजरात विधानसभा चुनाव में ड्यूटी से लौटे थे। उमेश शर्मा शब्दों पर जबर्दस्त कमान थी । वे हर मुद्दे को जोरदार तरीके से पेश करते थे। उन्हें कभी नहीं भुला जाएंगा।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाजपा नेता गोविंद मालू के निधन पर किया शोक व्यक्त



**स्वतंत्र समय, इंदौर**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भाजपा के पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी और प्रदेश प्रवक्ता श्री गोविन्द मालू के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि श्री मालू भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध, समर्पित कार्यकर्ता थे। उन्होंने पार्टी की विभिन्न जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। श्री मालू का असमय निधन समाज व भाजपा परिवार के लिए बड़ी क्षति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा श्री महाकाल से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं शोकाकुल परिवार को यह वज्रपात सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# संपादकीय

## सैम अंकल की टिप्पणी चुनावी मुद्दा क्यों ?

सैम अंकल यानि सैम पित्रोदा की एक टिप्पणी से 56 इंच का सीना सिकुड़कर 36 इंच का हो गया। अब्बल तो सैम पित्रोदा का भारतीय राजनीति से फिलहाल कोई सीधा रिश्ता नहीं है और वे अब इतने महत्वपूर्ण भी नहीं रह गए हैं कि उनकी टिप्पणियों को विश्वगुरु माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी संज्ञान लें। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि माननीय मोदी जी की झोली खाली है इसलिए सैम अंकल की टिप्पणी उन्हें डूबते को तिनके का सहारा बन गयी है। सैम अंकल की टिप्पणी यदि नस्लवादी लगती है तो सभी को उसकी निंदा करना चाहिए और मै तो कहता हूँ की यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आये तो सैम अंकल को दिया गया पदम् अलंकरण भी वापस ले लेना चाहिए।सैम अंकल का भारत के तकनीकी विकास में जो योगदान है उसे ठुकराया नहीं जा सकता। उन्हें मुद्दा बनाने की एक मात्र वजह ये है कि वे उस परिवार के नजदीकी हैं जो परिवार पूरी भाजपा को और खासकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास यदि को फूटी आँख नहीं सुहाता। मोदी जी सैम के मित्र परिवार को शाही परिवार और उस परिवार के मुखिया को शाहजादा कहते हैं। सैम का मित्र परिवार इन दिनों भूत बनकर सरकार और सरकारी पार्टी के सर पर सवार है। कभी -कभी मुझे इसी वजह से भाजपा के प्रति सहानुभूति भी होती है।आज की पीढ़ी सैम अंकल के बारे में शायद ज्यादा न जानती हो ,इसलिए बता दूँ कि सैम अंकल कोई एलियन नहीं बल्कि भारतवंशी हैं। मोदी जी की ही तरह गुजराती हैं।सैम पित्रोदा का पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। उनका जन्म ओडिशा के टिटलागढ़ में एक गुजराती बढ़ई परिवार में हुआ था।सैम अंकल भी मोदी जी कि ही तरह गरीब और पिछड़े परिवार से आते हैं मोदी जी और सैम अंकल में फर्क सिर्फ इतना है कि मोदी जी कि शैक्षणिक उपाधियों को लेकर चुनातियाँ दी गयी हैं ,उन पर संदेह जताया गया है जबकि सैम अंकल कि उपाधियों को लेकर कोई विवाद नहीं है। इसके साथ ही वडोदरा के महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से फिजिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर किय। इसके बाद वो 1964 अमेरिका चले गए और वहां से उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर उपाधि हासिल की फिर उन्होंने 1965 से टेलिकॉम इंडस्ट्री में हाथ आजमाया. साल 1981 में पित्रोदा भारत वापस लौट आए। माननीय मोदी जी मानें या न माने किन्तु पूरी दुनिया और देश मानता है कि भारत आकर पित्रोदा ने देश की टेली कम्युनिकेशन सिस्टम को आधुनिक बनाने के बारे में सोचा और शायद इसीलिए उन्हें भारत में सूचना क्रांति का जनक माना जाता है।

**गौतम बुद्ध**

मनुष्य का दिमाग ही सब कुछ है, जो वह सोचता है वही वह बनता है।

**सरदार पटेल**

लोहा गरम भले ही हो जाए पर हथौड़ा तो ठंडा रह कर ही काम कर सकता है।


# लड़ी में कौन सा बम फुस्सी निकल आए पता नहीं चलता...



लेखक

चैतन्य भट्ट

जब से अपने जीतू भैया प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं पता नहीं कौन से राहु केतु या शनि महाराज उन पर चढ़ बैठे हैं हर जगह उन्हें असफलता ही असफलता मिल रही है उनके अध्यक्ष बनते ही ना जाने कितने कांग्रेसी भाजपाई हो गए लगातार कांग्रेस छोड़ छोड़ के नेता लोग भगवा दुपट्टा पहनने के लिए बेचैन दिखाई दे रहे हैं। जीतू भैया जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं कि बीजेपी की नीति का पर्दाफाश करें लेकिन उनके ही गृह जिले में उनका ही प्रत्याशी रातों-रात अपना नाम वापस ले आया और भाई साहब को खबर तक नहीं हुई।



बचपन में जब दिवाली आती थी तब हम बमों की लड़ी लाया करते थे, उन दिनों माता-पिता बच्चों को पैसे बहुत कम देते थे इसलिए छोटे वाले बम ही उतने पैसों में आ पाते थे इसलिए बच्चे बमों की पूरी लड़ी में आग न लगाकर पहले उसका धागा खोलकर सारे बम अलग-अलग कर लेते थे और फिर एक-एक बम फोड़कर कई घंटे तक उन बमों का मजा लेते थे लेकिन कई बार ऐसा भी होता था कि सौ बमों की लड़ी में कई बम फुस्सी निकल आते थे बड़ा रंज होता था जब पूरी बाती जल जाती थी और बम में से आवाज नहीं आती थी , फुस्स करके वो ढेर हो जाता था । आजकल कांग्रेस में उसी तरह के फुससी बमों की बहुतायत है उनके नेताओं की जो लड़ी है उसमें से अधिकतर फुस्सी बम ही निकल रहे हैं।

अब इंदौर का ही मसला देख लो कांग्रेस के बड़े भारी नेता थे नाम भी जबरदस्त था अक्षय कांति यानी जिसकी कांति कभी खत्म ना हो और उसके बाद एक और विशेषण बम कांग्रेस को लगा इससे बड़ा बम तो और कोई हो नहीं सकता तो चुनाव में उतार दिया टिकिट देकर, सोचा ये वाला जो बम है ये बीजेपी के बम से ज्यादा तेज आवाज करेगा और लोग उसकी आवाज सुनकर उसी की तरफ खिंचे चले आयेंगे लेकिन कांग्रेस को क्या पता था यह बम ना तो एटम बम है ना लक्ष्मी बम यह बम तो सौ फीसदी फुस्सी बम है जिसने एन वक्त पर फूटने से मना कर दिया और बीजेपी के पाले में लुढ़क गया, अब कांग्रेस वाले भारी परेशान हैं आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं पर अब क्या होता है जब बम की बाती में माचिस लगा रहे थे तो उसके बारूद के बारे में जांच कर लेते दो-चार दिन धूप में रख देते ताकि अगर बम के अंदर कोई सीलन थी तो वह खत्म हो जाती लेकिन कांग्रेस को तो पूरा भरोसा था कि अपना जो बम है जब फूटेगा तो सब देखते रह जाएंगे और जब फूटा तो और कोई तो नहीं सारे कांग्रेसी देखते हुए रह गए । अब एक और फुस्स बम त्रिपुरा में सामने आ गया है जिसने यह कहकर टिकट वापस कर दी की पार्टी पैसा दे नहीं रही, अपने पास पैसा है नहीं तो चुनाव लड़े तो लड़ें कैसे ? अरी बहना पार्टी तो खुद ही पैसे पैसे को मोहताज है वो पैसा दे तो कहां से दे ,जिसको लड़ना है अपने पैसे से लड़े या फिर हमारे जबलपुर के कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव की स्कीम चलाएं कि वोट भी दो और नोट भी दो। पर अब कांग्रेस को चाहिए कि वह जिस भी बम की पूंछ पर आग लगाना चाहता है पहले उसके बारूद की क्वालिटी और क्वांटिटी, सब पहले से परख ले वरना जो हाल इंदौर में हुआ है वही हाल और भी जगह हो सकता क्योंकि अभी तो चार चरण के चुनाव बाकी हैं और इन चार चरणों के चुनाव में और कितने कांग्रेसी बम फुस्सी बम निकलते हैं यह देखना होगा, वैसे भी बीजेपी तो चाह ही रही है कि उनके बमों की पूरी लड़ी ही फुस्स हो जाए लेकिन ऊपर वाला भी दयालु है दो-चार बम इनके भी फट सकते हैं बाकी का भरोसा करना अब किसी के बस का नहीं ।

जब इन दिनों जब कांग्रेस का ही टाइम खराब चल रहा हो तो फिर उसके अध्यक्ष का टाइम कैसे अच्छा हो सकता है ? जब से अपने जीतू भैया प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं पता नहीं कौन से राहु केतु या शनि महाराज उन पर चढ़ बैठे हैं हर जगह उन्हें असफलता ही असफलता मिल रही है उनके अध्यक्ष बनते ही ना जाने कितने कांग्रेसी भाजपाई हो गए लगातार कांग्रेस छोड़ छोड़ के नेता लोग भगवा दुपट्टा पहनने के लिए बेचैन दिखाई दे रहे हैं । जीतू भैया जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं कि बीजेपी की नीति का पर्दाफाश करें लेकिन उनके ही गृह जिले में उनका ही प्रत्याशी रातों-रात अपना नाम वापस ले आया और भाई साहब को खबर तक नहीं हुई । कहते हैं ना कि जब समय खराब आता है तो हर तरफ से आता है अभी तक तो कार्यकर्ता और नेता ही बीजेपी में जा रहे थे अब एफआईआर की लाइन लग गई है उनके खिलाफ, इमरती देवी को लेकर क्या बयान दे दिया उन्होंने कि उन्होंने एफआईआर दर्ज करवा दी इसके पहले एक फोटो रिलीज करने के चक्कर में एफआईआर दर्ज हो गई अभी और ऐसे मामले हैं जिसमें लोग बाग जीतू भैया के खिलाफ एफआईआर करवाने की बात कर रहे हैं वैसे जीतू भैया का कहना है कि हम ऐसी एफआईआर से डरते नहीं फिर भी कोर्ट कचहरी का सामना तो करना ही पड़ेगा ना, और कोर्ट कचहरी जाकर आदमी कितना परेशान हो जाता है ये उसी को मालूम होता है जो कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाता है। जीतू भैया को अपनी सलाह है कि किसी अच्छे ज्योतिषी को अपनी कुंडली दिखाओ और यदि राहु, केतु, शनि अलसेठ देने पर उतारूं हों तो शांति के उपाय करवा दो, कोई अंगूठी पहन लो, कोई जाप करवा लो वरना रोज-रोज की झंझटों से कब तक लड़ोगे राजनीति तो आगे भी करना है अगर ऐसा ही हाल रहा तो तीस दिन पूरे साल कोर्ट कचहरी में ही बीत जाएंगे फिर राजनीति कब करोगे जीतू भैया, अपनी सलाह मानो और कुछ करो

कल वर्ल्ड लाफ्टर डे था । लोग बात कहते हैं और विशेषज्ञ भी बताते हैं कि अगर आप हंसते रहेंगे तो आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा इसलिए लोगों के लिए हंसना बहुत जरूरी है जब आप हंसते हैं तो शरीर के तमाम अंगों में नई ऊर्जा का संचार होता है और जिसका फायदा शरीर को मिलता है लेकिन सवाल बड़ा लाजमी है कि ऐसे कठिन वक्त में हंसे तो हंसे कैसे ? नेताओं को ही देख लो चुनाव चल रहा है जिनके चुनाव हो गए हैं वे इस तनाव में हैं कि क्या पता कितने वोट मिलते हैं अब जब रात दिन यही चिंता है तो हंसी कहां से आएगी? जिनके चुनाव हुए नहीं है वे भूखे प्यासे चिलचिलाती धूप में जनसंपर्क कर रहे हैं ।

*(ये लेखक के स्वतंत्र विचार हैं)*

# बरेली समाचार

## स्टेडियम न होने से नगर की प्रतिभा निखर नहीं पा रही, जिम्मेदार बेखबर

### स्टेडियम निर्माण की घोषणा हुए बीत गए 11 वर्ष, फिर भी समस्या जस की तस



**स्वतंत्र समय, बरेली**

वर्ष 2013 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नगर एवं क्षेत्र को अनेक सौगाते दी थी। उनमें एक खिलाड़ियों की सुविधा के लिए स्टेडियम निर्माण की घोषणा थी। अन्य घोषणाए तो पूर्ण हो गई परंतु खेल स्टेडियम निर्माण की घोषणा 11 वर्षो बाद भी अधूरी बनी हुई है। शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय की लगभग 5 एकड भूमि खेल एवं युवक कल्याण विभाग को आवंटन होने के बाद भी जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, खेल एवं युवक कल्याण विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता से स्टेडियम निर्माण की शुरूआत न होने से खिलाड़ी और खेल प्रेमी निराश बने हुए है।

शा. बालक हा.से. का विश्राम ग्रह के पास खेल मैदान है, जिसे हॉकी, दशहरा मैदान कहा जाता है। मैदान का क्षैत्रफल बहुत कम है। वर्षो पूर्व नपं. द्वारा एक ओर शेड डाल कर दर्शक दीर्घा का निर्माण कराया गया। हॉकी मैदान में दो बडे पक्के मंच बने हुए है। प्रतिवर्ष नगर में हॉकी, क्रिकेट सहित अन्य खेलो की विभिन्न खेल संगठनों द्वारा अपने बलबूते ईनामी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहता है। नगर में बालक हा.से. का हॉकी मैदान, थाने का मैदान और बालक हा.से. स्कूल की खुली जगह पर विभिन्न खेलो का अभ्यास करते खिलाड़ी, युवक दिखलाई देते है। जो बिना प्रशिक्षक अपने बलबूते खेलो का अभ्यास और विभिन्न खेलो की राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में दमखम, खेल कौशल दिखाकर नगर का नाम रोशन करते आ रहे है।

#### खेल मैदान पर उतरता हेलीकाप्टर

शा. महाविद्यालय की जिस भूमि को स्टेडियम के लिए आवंटन खेल एवं युवक कल्याण विभाग को हुआ है। वहॉ हमेशा नेताओं के हेलीकाप्टर उतरते है। आवंटित भूमि के आसपास अभी तक सुरक्षा के इंतजाम न होने से अतिक्रमण भी हो रहा है। कॉलेज के प्राचार्य और कर्मचारियों की सक्रियता से अनेक बार कॉलेज की भूमियों पर अतिक्रमण रोकने हटाने की कार्यवाही हो चुकी है।

#### कब होगा स्टेडियम का निर्माण

स्टेडियम के लिए कॉलेज की भूमि मिले वर्षो बीत गए। पूर्व सीएम चौहान की घोषणा किए 11 वर्ष बीत गए। क्षेत्र से सांसद रहे राव उदयप्रताप सिंह शिक्षा मंत्री है। इस क्षेत्र से लगाव रखने वाले विश्वास सारंग मंत्री है और नगर में जन्मे पले बढे बडे हुए नरेन्द्र शिवाजी पटैल प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री है। पिछले दिनों नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने मंत्री सारंग से भेंट कर स्टेडियम निर्माण की बाधाए दूर करने और खिलाड़ियों, युवाओं के लिए स्टेडियम निर्माण कराये जाने की मांग की थी। क्षेत्र से परिचित और लगाव रखने वाले तीन मंत्रियों की युति से अब स्टेडियम निर्माण की प्रबल संभावना बनती नजर आ रही है।

## परमात्मा को जानना ही वायु महापुराण कथा का मूल अर्थ है: ब्रह्मचारी



**स्वतंत्र समय, बरेली**

ब्रह्मलीन पूज्य गुरु जी बापोली धाम की पुण्य स्मृति में आयोजित श्री वायु महापुराण कथा के सप्तम दिवस कथा व्यास ब्रह्मचारी विष्णुदत्त जी शास्त्री ने वायु महापुराण कथा के मूल उद्देश्य के विषय में बताया कि परमात्मा की प्राप्ति ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। जिस प्रकार घी की व्याप्ति दूध में है, उसी प्रकार परमात्मा की व्याप्ति आत्मा में है। जिस प्रकार इद्रियाँ अपने विषयों में ही लीन रहती है। लेकिन हमें इंद्रियों को विषयों से हटा कर परमात्मा की ओर जोड़ना चाहिए ।

उन्होंने कहा कि परमात्मा हमारे हृदय में विराजमान है। किंतु अज्ञान के कारण हम उसे प्राप्त नहीं कर रहे। परमात्मा इंद्रियों से परे है । यद्यपि जीव अविनाशी है, किंतु अज्ञान के कारण माया के बंधन में बधें होने से गांठ पड़ गयी है। सियाराम मय संसार को मानकर कर्म करें। माया की गांठ ज्ञान से छोडी जा सकती है। श्री राम चरित मानस में तुलसीदास जी ने उत्तर कांड में इसकी विशद् व्याख्या की है। भक्ति मणि के प्रकाश से अज्ञान का अंधकार मिटाया जा सकता है, किंतु भक्ति मणि प्राप्त करने की प्रक्रिया है, उसे अपना कर ही मणि मिलेगी। माया और मणि एक वर्ग में आती हैं। अतः जहाँ भक्ति मणि व्याप्त होगी, वहाँ माया नहीं रुकेगी। प्रयत्न करने पर भी यदि काम सिद्ध न हो तो हमारे प्रयत्नों में कमी है। वैराग्य की पहली कोटि है शास्त्र विहित कर्म करना, एवं शास्त्र विरुद्ध कर्म न करना, वैराग्य का दूसरा लक्षण है। संसार से विरति तीसरी कोटि है। अपने कर्तव्य का पालन करना। उन्होंने बताया कि वायु महापुराण कथा में श्राद्ध के विषय में विस्तार से बताया गया है।

## भगवान परशुराम प्रगटोत्सव पर धर्मसभा, प्रतिभाओं का होगा सम्मान

### भगवान परशुराम की झांकी के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**स्वतंत्र समय, बरेली।** प्रतिवर्ष की भाँति आज 10 मई को भगवान परशुराम जी के प्रगटोत्सव पर युवा ब्राम्हण महापरिषद के तत्वाधान में परशुराम जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया। मुख्य रूप से दोपहर बाद भगवान परशुराम जी की विशेष पूजन, आरती कें बाद श्रीरामलीला मैदान से नगर में भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें नगर एवं क्षेत्र के साधु संतो, पुजारियों के साथ नगर क्षैत्र के ब्राम्हणों, युवाओं की भारी उपस्थिति रहेगी।

**धर्मसभा, प्रतिभा सम्मान** - शोभायात्रा के नगर भ्रमण के बाद रामलीला मैदान में समापन के बाद साधु संतो, महंतो की विशेष उपस्थिति में धर्मसभा का आयोजन होगा। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। पिछले अनेक दिनों से परशुराम जयंती भव्य विशाल रूप से मनाये जाने ब्राम्हण युवा महापरिषद के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा ग्रामों एवं नगर में घर-घर पहुंच कर संपर्क आमंत्रण दिया जा रहा था। परशुराम जयंती कार्यक्रमों एवं शोभायात्रा में नगर के साथ खरगौन, उदयपुरा, देवरी, बाड़ी तहसीलां के ग्रामीण क्षेत्र से भारी संख्या में ब्राम्हणों, युवाओं के सम्मिलित होने की संभावना है।

## चिलचिलाती धूप के बीच अचानक छाये बादल, गर्मी से मिली राहत

### गर्मी से तपे मकानों के भभकने से बढ़ी पसीना बहा देने वाली उमस

**स्वतंत्र समय, बरेली**

गुरूवार को सुबह से तेज धूप गर्मी का माहौल रहने के दोपहर बाद अचानक आसमान में घने वर्षा वाले बादल छा जाने के साथ जोरदार आंधी से बारिश का मौसम बन गया। नगर एवं संपूर्ण क्षैत्र में कही तेज कही बूंदाबादी से सड़के मकान भींगने की स्थिति रही। बारिश आंधी के साथ लगातार घंटो बिजली गायब रहने से पक्के मकानों, दुकानों में भारी उमस के बीच रहना परेशानियों भरा बना रहा।

बारिश से भींगा क्षैत्र, मूंग को लगा पानी - भले ही वर्षाकाल सितम्बर, अक्टूबर में समाप्त हो गया हो परंतु नवम्बर, दिसम्बर 23 एवं जनवरी से प्रतिमाह कभी भी मौसम खराब होने, बादल छाने और बारिश होने से रवि की मुख्य फसल, गेंहू, चना पर प्राकृतिक आपदाओं का संकट बना रहा। संपूर्ण क्षैत्र में हजारो किसानों द्वारा गर्मी में मूंग की खेती की जा रही है। बारिश से मूंग की फसलों में पानी लगने, नमी आ जाने की स्थिति रही परंतु जिस प्रकार बार-बार मौसम बदल रहा है। उससे मूंग की फसलों पर रोगो का प्रकोप भी बढ़ रहा है।

#### हवाओं में ठंडक, मकानों में भारी उमस



संपूर्ण क्षैत्र में हुई बारिश से तापमान मे कमी आने के साथ हवाओं में ठंडक घुल जाने से राहत मिली। परंतु तेज धूप, गर्मी से तपे पक्के मकानों में बारिश के असर से भभका निकलने भारी उमस के बीच बिना बिजली रहना कठिन रहा। गर्मी, उमस से बचने पक्के मकानों से बाहर निकल कर लोग छतो पर ठंडी हवाओं का आनंद लेने टहलते हुए नजर आते रहे।

# सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चोरी करने वाले तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

## बंडा पुलिस ने किया वारदात का खुलासा, 6.25 लाख के जेवरात बरामद

स्वतंत्र समय, सागर

बण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6.25 लाख के सोने-चांदी के जेवरात जब्त किए गए हैं। आरोपियों ने चोरी के जेवरात बेच दिए थे। मामले में मुख्य आरोपी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार 19 अप्रैल को फरियादी अजय पिता डालचन्द्र सेन उम्र 31 साल निवासी बंडा ने थाने में शिकायत करते हुए बताया था कि 17 अप्रैल को परिवार के साथ रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने गया था। घर में ताला लगा था। वापस लौटकर आया तो मकान का ताला टूटा था और घर की अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने और नगद रुपए गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई। सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन



समेत मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपियों से जुड़े साक्ष्य जुटाए। इसी दौरान पता चला कि बंडा की संजय कालोनी निवासी वीरेंद्र धानक और गोविन्द्र अहिरवार बाजार में ज्यादा पैसे खर्च कर रहे हैं। संदेह के आधार पर पुलिस ने वीरेंद्र पिता कन्चू धानक निवासी संजय कालोनी और गोविंद्र पिता परमानन्द उर्फ लिली अहिरवार निवासी वार्ड क्रमांक 4 बंडा को हिरासत में लिया। थाने लाकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात करना स्वीकार किया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक नसीर फारुकी, प्रआर. भोलानाथ यादव, आर. राहुल, पुष्पेन्द्र शर्मा, धनीराम, सतीश, दुर्गेश सोनी, सायवर सेल सागर आर. सौरभ, अंकित का विशेष योगदान रहा।

### चोरी के जेवरात खरीदने वाला भी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

बंडा थाना प्रभारी नसीर फारुकी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोस्त गुलाब अहिरवार के साथ मिलकर फरियादी अजय सेन के घर में घुसकर चोरी की थी। चोरी का माल आपस में बांट लिया था। कुछ जेवर वार्ड क्रमांक 15 निवासी उत्तम अहिरवार को बेच दिया था। कुछ सोन चांदी के जेवर अपने घर में छुपाकर रखे हैं। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वीरेंद्र अहिरवार के घर से 76 हजार और आरोपी गोविंद्र के कब्जे से सोने चांदी के 1 लाख 16 हजार 500 रुपए के जेवरात जब्त किए हैं। साथ ही चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी उत्तम पिता कल्ला अहिरवार निवासी बंडा को गिरफ्तार कर उसके पास से 4 लाख रुपए के सोने चांदी के जेवरात जब्त किए हैं। एसडीओपी शिखा सोनी ने बताया कि मामले में पुलिस ने कुल 6 लाख 25 हजार रुपए के जेवरात बरामद किए हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने तीनों को जेल भेज दिया है। फरार आरोपी गुलाब अहिरवार की पुलिस टीम तलाश कर रही है।



# युवा ब्राह्मण समाज ने निकाली वाहन रैली, भगवामय नजर आया शहर

स्वतंत्र समय, सागर

युवा सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम प्राकट्योत्सव की पूर्व संध्या पर वाहन रैली निकाली गई। भगवा ध्वज लगे वाहनों पर त्रिपुंड लगाकर पगड़ी बांधकर और परशुराम जी का तुपट्टा गले में डाले ब्राह्मण समाज के लोग वाहन श्रृंखला के रूप में निकले। रैली लगभग एक किलो मीटर लंबी थी। युवा ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने बताया रैली प्रारंभ करने से पहले पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक पं. गोपाल भार्गव द्वारा गणेश पूजन और भगवान परशुराम जी का पूजन किया गया फिर अमर शहीद कालीचरण तिवारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्री भार्गव द्वारा वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जो सिविल लाइन के कालीचरण चौराहा से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर पहलवान बब्बा मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण के साथ समापन हुई। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं शिवप्रसाद तिवारी ने बताया रैली का मार्ग में जगह-जगह स्वागत किया गया।

### जयंती पर आज होगा पूजन, अभिषेक और हवन

पुरोहित पुजारी विद्वत संघ द्वारा आज शुक्रवार को सुबह 10बजे पूजन अभिषेक किया जाएगा। संघ के महामंत्री पं रामचरण शास्त्री ने बताया पूजन अभिषेक पुजारी पुरोहित सभी मंदिरों में एक साथ करेंगे। प्रमुख कार्यक्रम तिली रोड बैंक कॉलोनी के पशुपतिनाथ मंदिर में होगा, सभी धोती कुर्ता पहनकर शामिल होंगे।10 बजे से अभिषेक और षोडश उपचार विधि से पूजन किया जायेगा फिर हवन पूर्णाहूति होगी स्वल्पाहार प्रसाद की व्यवस्था रहेगी। शाम को रामबाग मंदिर से निकलने वाली शोभायात्रा में भी सभी विप्रजन शामिल होंगे।

# राशन दुकानों के सेल्समैन कर रहे गरीबों के राशन की कालाबाजारी, जिम्मेदार बने लापरवाह

नीरज जैन, बरोदियाकलां

मालथौन ब्लॉक कई राशन दुकानों पर गरीबों को राशन नहीं मिल रहा है। गरीबों का राशन सेल्समेन डकार रहे हैं। अलग अलग ग्रामो, नगर के लोगों ने बताया कि यह सेल्समैन घर पर आकर 2 माह के राशन का अंगूठा लगवा लेते हैं और एक माह का राशन देते हैं। कई बार शिकायत करने पर अधिकारी जांच करने नहीं आते न हीं राशन दुकानों पर फूड इंस्पेक्टर जांच करने जाते है। यह सेल्समैनों की माह में एक बार मुख्यालय पर मीटिंग लेते हैं वह अपनी मंथली लेकर चले जाते हैं, ना ही चेक करने जाते कि गरीबों को राशन सही तरीके से मिल रहा है कि नहीं। क्षेत्र के दरी, परसोन, पथरिया बामन ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों ने बताया कि तीन-तीन माह में हम लोगों को राशन मिलता है। सेल्समेन घर-घर जाकर हितग्राही से अंगूठा लगवा लेते हैं और कह देते हैं कि राशन मिलेगा फिर दूसरे माह में राशन देते हैं। कई बार शिकायत की लेकिन कोई अधिकारी नहीं सुनते। वहीं कई राशन दुकान ऐसी है जो महीने में दो या तीन दिन ही खुलती हैं। सभी लाभार्थियों को राशन नहीं मिल पाता है जबकि शासन के सख्त निर्देश हैं कि कम से कम 15 से 20 दिन राशन दुकान खोलना चाहिए लेकिन नगर परिषद बरोदियाकलां में महीने में एक दो दिन ही खुल जाए वही बहुत है जिससे जो राशनकार्ड धारी राशन लेने से वंचित रह जाते हैं उनको राशन मिल सके लेकिन सेल्समेन अपने मनमाने रवैया से चलते हैं ना कोई अधिकारी कहते हैं ना ही कोई जनप्रतिनिधि।



### एसडीएम मालथौन ने कहा... मैं जांच करवाता हूं

नगर वासियों ने बताया कि कई राशन दुकानों पर राशन दुकानदार समय पर दुकान नहीं खोलते जिससे कई राशन धारी राशन लेने से वंचित रह जाते हैं। वहीं इस मामले में मालथौन एसडीएम से बात की गई तो उनका कहना था राशन दुकानें रोज खुलना चाहिए मैं जांच करवाता हूं।

# निगमायुक्त ने बस स्टैंड की सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

## गंदगी पाए जाने पर 20 से अधिक व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर की गई चालानी कार्रवाई

स्वतंत्र समय, सागर

कचरा खुद बोलेगा कि मैं किसका हूं अभियान के अंतर्गत नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री गुरुवार को प्रातः प्राइवेट बस स्टैंड पहुंचे जहां उन्होंने सड़कों और दुकानों के सामने कचरा और गंदगी पाए जाने पर दुकानदारों पर चालानी कार्रवाई कराई और कचरे को मौके पर साफ कराया तो दुकानदारों ने भी आगे आकर स्वयं कचरे को साफ कर फिर से कचरा न करने का संकल्प लिया और जिन लोगों द्वारा कचरा फेंका जाता है उन्हें रोकने के लिए अपनी वचनबद्धता दोहराई। जगह -जगह प्राइवेट बस स्टैंड पर कचरा फैला देख उन्होंने निगम आयुक्त ने जोन प्रभारी और सफाई दरोगाओं को तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यहां के दुकानदार, चाय, चाट ठेलों,




चाय दुकान और होटल मालिकों की कचरा फैलाने में बड़ी भूमिका है जो खाली पैकेट पाउच और अन्य तरह की सामग्री बाहर फेंक देते हैं। साथ ही ग्राहकों को भी डस्टबिन में कचरा डालने के लिए प्रेरित नहीं करते, आम आदमी रोड पर ही कचरा फेकता है तो उसे रोकत-टोकते नहीं है। इसलिए निगम आयुक्त ने दुकानदारों के खिलाफ मौके पर चालानी कार्रवाई कराई साथ ही दो सफाई दरोगाओं से भी चालानी कार्रवाई के पैसे जमा करवाए क्योंकि उन्होंने समय रहते इन दुकानदारों को प्रेरित नहीं किया कि वह खुले में कचरा न फेंके। निरीक्षण के दौरान चौरसिया पान पैलेस, खुशबू ट्रेवल्स, चाय की दुकान, सांई पान भंडार, श्री कृष्णा मोबाइल, यादव भोजनालय, गुरु कृपा होटल, सांई कृपा होटल बालाजी होटल, सरकारी स्टैंड पर पाठक होटल, राजपूत बुक स्टाल सहित 20 प्रतिष्ठानों पर कुल लगभग दस हजार रुपए से अधिक की चालानी कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बसस्टैंड परिसर की सफाई के लिए सुबह और शाम कचरा गाड़ी जाए ताकि वहां कचरे का ढेर न तय तय लगे रहें साथ ही जो जगह खाली पड़ी है उस जगह पर पेपर ब्लॉक लगाए जाएं।



## पंचायत मंत्री पटेल का किया स्वागत

**मालथौन।** गुरुवार की सुबह पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का ललितपुर जाते समय मालथौन में रुके जहां समर्थकों और भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। मंत्री श्री पटेल भाजपा नेता डॉ आशीष पटैरिया के निवास पर पहुचें। जहां उनका पटैरिया परिवार द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं ने भेंट की उनके साथ चाय पर चर्चा की। मंत्री श्री पटेल झांसी ललितपुर लोकसभा सीट होने वाले अगले चरण में चुनाव को चुनावी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस मौके पर दुर्ग सिंह परिहार, राजेन्द्र सिंह रामछायारी, योगेश कठरया, प्रमोद तिवारी, सिरनाम सिंह तोमर, ब्रजेश पांडेय, बाबूसिंह सिसोदिया, मन्नूलाल जैन, पुष्पेंद्र परिहार,राघवेंद्र सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

# नौ दिवसीय श्रीराम कथा कलश यात्रा के साथ प्रारंभ

स्वतंत्र समय, गौरझामर

ग्राम जैतपुर कछ्या में समस्त ग्रामवासियों की ओर से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। कथा से पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गो से होती हुई कथा स्थल पर पहुंची नौ दिन चलने वाली श्रीराम नौ दिवसीय श्रीराम कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी। आगामी 18 मई को कथा का हवन एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन किया जाएगा। देवरी से आए कथा व्यास पंडित कैलाश बडगैया व्यासगद्दी पर विराजमान होकर भगवान श्रीराम की पावन कथा का वर्णन करेंगे। नौनिहालों ने कथा से संबंधित मनमोहक झांकियां भी निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं अपने दोनों हाथों में कलश लेकर बैंड बाजे के साथ झूमती हुई नजर



आई। राम भक्त भी ध्वज लहराते हुए दिखाई दिए। इस अवसर सैकड़ों की संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे। साथ ही ग्रामवासियों ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित किया।

### नदीश्वर धाम किशनपुरा में नवकुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ

**नरयावली।** प्रतिवर्ष की तरह नदीश्वर धाम किशनपुरा में नवकुंडिय महायज्ञ का शुभारंभ हुआ जिसकी कलश यात्रा निकाली गई। जिसमे सभी आस पास के गांव के महिला और पुरुष शामिल हुए। वहीं बारह ज्योतिलिंग नदिया घाट



मंदिर के अध्यक्ष गुलाबसींग राजपूत ने बताया कि इस महायज्ञ का आयोजन 9 मई से 15 मई तक होगा जिसमे प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक राष्ट्रीय कथा वाचक राजेशरत्न उदैनिया के मुखारबिंद राम कथा का वाचन होगा। वही मंदिर के महंत चंद्रशेखर शास्त्री बताया कि यह नवकुंडिय महायज्ञ प्रतिवर्ष होता है जिसमे हमारे आस पास के सभी सैकड़ों गांव के भक्त सहयोग प्रदान करते हैं और इस यज्ञ में बढ़-चढ़कर भाग लेकर पुण्य लाभ ले रहे है।

# केंद्रीय विवि की हैंडबॉल टीम ऑल इंडिया के लिए क्वालिफाई

**सागर।** महात्मा गांधी विश्वविद्यालय कोट्टायम के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय हैंडबाल पुरुष प्रतियोगिता में सागर के डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय का पहला मैच वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा बिहार के साथ खेला गया। मैच में सागर विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आरा विश्वविद्यालय को 19-18 गोल से शिकस्त दी। सागर विश्वविद्यालय के खिलाड़ी रमेश चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 गोल दागे। इसी प्रकार नागेंद्र सिंह ने 5 गोल, कुलदीप और भास्कर पांडेय ने



3-3 गोल, ज्ञानेन्द्र, मनीष ने 1-1 गोल किए। गोल कीपर अमन दुबे ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए विपक्षी टीम के कई प्रयासों को विफल किया। यह मैच जीतकर पहली बार डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय की टीम ने ऑल इंडिया के लिए क्वालीफाई किया है। विवि के अधिकारी कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों ने टीम को बधाई दी।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए महिला बाल विकास कार्यालय में हुई कार्यशाला

# हम सब ने ठाना है, जिले में बाल विवाह नहीं होने देंगे: बृजेश त्रिपाठी



स्वतंत्र समय, सागर

जिला महिला बाल विकास कार्यालय में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी ने की। उन्होंने सभी सदस्यों को बाल विवाह रोकने के नवीन नियमों एवं अन्य कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक सबको बताया एवं साथ ही उन्होंने सबको बाल विवाह रोकने के लिए शपथ भी दिलाई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बाल संरक्षण इकाई के सदस्य नीलरतन पात्रा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि जिले में कहीं भी बाल विवाह हो तो जरूर चाइल्ड हेल्पलाइन जिला कंट्रोल रूम 1098 पर सूचित कर प्रशासन का सहयोग करें। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शुक्ला उपस्थित थे। उन्होंने कार्यशाला में जिला कलेक्टर द्वार दिए गए निर्देशों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कार्याशाला में उपस्थित सभी से कहा कि आज हम संकल्प लें कि बाल विवाह नहीं होने देंगे। कार्यशाला में चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया ग्वालियर शाखा एवं सागर परियोजना एवं सागर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन, विशेष किशोर पुलिस इकाई आदि ने अपना सहयोग दिया। कार्यशाला में फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के ग्वालियर ब्रांच ब्रांच की ब्रांच मैनेजर नीलम दीक्षित, कार्यक्रम अधिकारी अच्छेद्र सिंह कुशवाहा संस्था की फील्ड कोऑर्डिनेटर पूजा शर्मा, विशेष किशोर पुलिस इकाई से ज्योति तिवारी, आरती सेन, गीता यादव, मनीष यादव आदि उपस्थित रहे।



### बाल विवाह मुक्त भारत के लिए बनाई मानव श्रृंखला

**राहतगढ़।** राहतगढ़ के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह रोकने और इसके प्रति जागरूक करने के लिए बाल विवाह मुक्त मानव श्रृंखला छात्राओं ने बनाई। स्कूल की छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को बाल विवाह नहीं करने का संदेश दिया। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य आरके कपूर ने बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। शपथ लेते समय छात्राओं के साथ संस्था के शिक्षकों ने भी शपथ ली। शपथ लेने वालों में छोटेलाल सेन, कल्पना कपूर, गोपाल दास चौरसिया, चंद्रभान कोरी, मधुलता कोष्टी, नरेश सेन, नीतेश सोनी, अभिलाषा विश्वकर्मा, उर्मिला मिश्रा, भागेश सरवैया आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में बताया गया कि जिले में कहीं भी बाल विवाह हो तो चाइल्ड हेल्पलाइन जिला कंट्रोल रूम 1098 पर सूचना दें।

### खुरई महिला बाल विकास एवं खिमलासा पुलिस की संयुक्त टीम ने रुकवाए दो बाल विवाह

**खुरई।** शासन प्रशासन द्वारा बाल विवाह रोकने के लिए प्रचार प्रसार एवं तमाम प्रकार के प्रयास किये जाते है। अंचल में अक्षय तृतीय के पूर्व पर कुछ अभिभावकों के द्वारा बाल विवाह के दाण्डिक प्रावधानों की जानकारी होते हुए भी अपने नाबालिग बच्चों का बाल विवाह करने का प्रयास किया जाता है जिसे महिला बाल विकास एवं पुलिस संयुक्त दल के द्वारा लगातार विफल कर बाल विवाह रोके जा रहे है। इसी क्रम में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास को मुखबिर से ग्राम पथरिया जेगन में 14 वर्ष 11 माह की नाबालिग बालिका एवं खिमलासा नई बस्ती छात्रावास के पास 16 साल की बालिका का बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर परियोजना अधिकारी विजय सिंह कोरी द्वारा पर्यवेक्षक सुनीता दुबे, सरिता दुबे, साख्यिकी अन्वेष्क हरिओम आदर्श एवं थाना खिमलासा पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थानों पर क्रमश: दविश दी गई। बाल विवाह रोकने नाबालिग बालिकाओ के परिजनो से उम्र संबंधी दस्तावेज प्राप्त किये गये। दोनो ही ग्रामो में बालिकाएं नाबालिग पाये जाने पर बालिकाओं के अभिभावको को बाल विवाह अधिनियम 2006 के दण्डात्मक प्रावधानों से अवगत कराया गया तथा बालिकाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने पर ही विवाह करने की समझाइश दी गई। मौके पर ही पंचनामा तैयार कर नाबालिग बालिकाओ के अभिभावको के कथन एवं वचन पत्र प्राप्त किये गये। परियोजना अधिकारी विजय सिंह कोरी ने बताया कि क्षेत्रवासी अपने क्षेत्र में अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह रोकने परिजनो को समझाइश देकर बाल विवाह रोके तथा सूचना देकर शासन प्रशासन की मदद करे तथा परिजन स्वयं बालिका की उम्र 18 वर्ष तथा बालक की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने पर ही विवाह करे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला सागर म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 0002/स-150/2024-25

**विज्ञप्ति**

विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए (वर) श्री राजकुमार लहरवानी पिता श्री केसुमल लहरवानी उम्र 68 वर्ष निवासी संतकंवरराम वार्ड सागर तहसील व जिला सागर म.प्र. एवं (वधू) श्रीमति कविता लहरवानी पुत्री श्री नारयन दास अडवानी उम्र 62 वर्ष निवासी संतकंवराम वार्ड सागर तहसील व जिला सागर म.प्र. द्वारा स्वयं के विवाह दिनांक 22.04.1979 जो स्थान संतकंवरराम वार्ड सागर का विवाह पंजीयन के संबंध में आवेदन (आवेदन की प्रति संलग्न है) अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पर विचार करने के लिए **तारीख 03.06.2024** नियत की गई है। आपको एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आज इस सूचना की प्राप्ति से नियत दिनांक 03.06.2024 तक अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें कि क्या आप उपरोक्त आवेदन पत्र में वर्णित विशिष्टयों की सत्यता को स्वीकार करते है और क्या विवाह के तथ्यों को विवाह रजिस्टर में प्रविष्टि किये जाने एवं विवाह प्रमाण पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति है। यदि उपरोक्त कालावधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती तो यह समझा जावेगा के विवाह के रजिस्ट्रीकरण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति नहीं है। आप व्यक्तिगत रूप से तारीख ऊपर वर्णित को उपस्थित हो सकते हैं और ऐंसा न करने पर कार्यवाहियों आपकी अनुपस्थिति में विनिश्चय की जाने के दायित्वाधीन होंगी।

(रूपेश उपाध्याय)
अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी
जिला सागर म.प्र.




संजय राउत की फिसली जुबान, पीएम मोदी पर दिया विवादित बयान

# औरंगजेब को महाराष्ट्र में दफन किया था, तो नरेंद्र मोदी क्या चीज हैं

■ स्वतंत्र समय, मुंबई

शिवसेना-यूबीटी नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि औरंगजेब को महाराष्ट्र में दफन किया था तो नरेंद्र मोदी क्या चीज हैं। उधर प्रियंका चतुर्वेदी के श्रीकांत शिंदे को लेकर दिए बयान पर भी बवाल मचा हुआ है। लोकसभा चुनाव के इस बीच नेताओं की जुबान फिसलने का सिलसिला भी जारी है। अब शिवसेना-यूबीटी के नेता संजय राउत ने अपने बयान से नए विवाद को जन्म दे दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया है। राउत ने कहा कि हमने औरंगजेब को महाराष्ट्र में दफन किया था तो नरेंद्र मोदी क्या चीज हैं।

## बयानों से बढ़ा सियासी बवाल





### संजय राउत का पीएम मोदी पर विवादित बयान

*अहमदनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए संजय राउत ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र में पैदा हुए थे और औरंगजेब का जन्म गुजरात में हुआ। राउत ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को अद्योगपति करार देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह भी गुजरात में ही पैदा हुए हैं। शिवसेना-यूबीटी नेता ने कहा कि अगर इतिहास पर नजर डालें तो औरंगजेब का जन्म भी प्रधानमंत्री मोदी के गांव में हुआ। इसी वजह से मोदी और शाह भी औरंगजेब जैसा बर्ताव कर रहे हैं। राउत ने अपने विवादित बयान को आगे बढ़ाते हुए कहा 'यह याद करने की जरूरत है कि औरंगजेब को महाराष्ट्र की धरती में दफन किया गया था। मुगल शासक ने महाराष्ट्र पर जीत हासिल करने की कोशिश की लेकिन अंत में उसे महाराष्ट्र में दफना दिया गया।'*

### शिवसेना-यूबीटी नेता प्रियंका चतुर्वेदी के बयान पर भी बवाल

*उधर महाराष्ट्र में शिवसेना-यूबीटी नेता प्रियंका चतुर्वेदी के बयान के बाद भी बवाल मचा हुआ है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बेटे और सांसद श्रीकांत शिंदे के खिलाफ विवादित बयान देने के बाद प्रियंका चतुर्वेदी पर महायुति गठबंधन ने निशाना साधा है। संजय निरुपम ने एक्स पर लिखा कि बयान के हर शब्द पर विश्वास करें, तो आदित्य ठाकरे के माथे पर लिखना चाहिए -मेरे पिता एक महान गद्दार हैं', क्योंकि उनके पिता ने भाजपा के साथ गठबंधन तोड़ कर विश्वासघात किया था। निरुपम ने आगे लिखा कि उद्धव ने बालासाहेब की विचारधारा को एक तरफ रखा और उसी कांग्रेस के साथ जुड़ गए जिसका बालासेहब जीवन भर विरोध किया था। निरुपम ने पूछा कि शिवसेना- यूबीटी इस विश्वासघात पर चुप क्यों है? बता दें बुधवार को घाटकोपर में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवार संजय दीना पाटिल के समर्थन में चुनावी रैली के दौरान प्रियंका चतुर्वेदी ने सीएम शिंदे के बेटे श्रीकांत शिंदे को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।*

पहली बार लड़ रहे लोकसभा चुनाव

# 96 करोड़ के मालिक हैं विक्रमादित्य सिंह... एक्ट्रेस कंगना रनौत से मुकाबला

■ स्वतंत्र समय, शिमला

हिमाचल प्रदेश के मंडी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह की संपत्ति बीते दो सालों में करीब 60 लाख रुपये घट गई है। 2022 में जब उन्होंने शिमला ग्रामीण हलके से विधानसभा चुनाव लड़ा था, तब उनकी चल-अचल संपत्ति 97.31 करोड़ थी। अब उनकी संपत्ति घटकर 96.70 करोड़ रह गई है। हालांकि पारिवारिक संपत्ति जोड़ दी जाए तो कुल संपत्ति एक अरब (100 करोड़) से अधिक हो जाती है। विक्रमादित्य सिंह की चल संपत्ति 6.21 करोड़ है। यह 2022 में 6.97 करोड़ थी। विक्रमादित्य सिंह के पास अचल संपत्ति 90.48 करोड़ है। साल 2022 में यह 90.33 करोड़ थी। अचल संपत्ति में 15 लाख की बढ़ोतरी हुई है। सरकारी और वित्तीय संस्थानों की देनदारियां मौजूदा समय में 1.25 करोड़ हैं। यह साल 2022 में 1.38 करोड़ थीं। दो साल में देनदारियां करीब 13 लाख घट गई हैं। विक्रमादित्य सिंह पर 14 आपराधिक मामले लंबित हैं। साल 2022 में इनकी संख्या 11 थी। दो साल में 3 नए मामले जुड़े हैं। 17 लाख की फॉर्च्यूनर, 13.30 लाख की एंडेवर विक्रमादित्य के पास 17 लाख रुपये की टोयटा फॉर्च्यूनर और 13.30 लाख की फोर्ड एंडेवर कार है। फॉर्च्यूनर कार जनवरी 2018 में, जबकि एंडेवर जून 2016 में खरीदी है।



### विक्रमादित्य ने भरी चुनावी हुंकार

*माता-पिता की राजनीतिक विरासत संभालने के लिए मंडी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने गुरुवार को मंडी में नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन को अपना नामांकन पत्र सौंपा। उनके साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला, कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी, सांसद और प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर मौजूद रहे। वहीं, सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर ने कवरिंग उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र भरा। नामांकन के बाद कांग्रेस नेताओं ने मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर चुनावी हुंकार भरी। 35 वर्षीय विक्रमादित्य सिंह अपने राजनीतिक जीवन में तीसरी बार चुनाव मैदान में उतरे हैं। पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया कर्मियों के प्रश्नों का जवाब देते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह लड़ाई मंडी के अस्तित्व की है। मंडी को देश का नंबर एक क्षेत्र बनाने की है। उनके खिलाफ उतारी गईं अभिनेत्री सब चीजों पर बोलती हैं, लेकिन विकास के मुद्दे पर कुछ नहीं बोलती हैं। वह अपना विजन साफ नहीं कर पाई हैं। वह सिर्फ मनोरंजन की राजनीति करते हैं। इसके डायरेक्टर जयराम ठाकुर हैं। 4 जून को इनका हारना तय है।*

# '15 सेकेंड के लिए पुलिस हटी तो छोटे तुम कहां से आए...कहां गए, पता नहीं चलेगा'

नवनीत राणा ने एआईएमआईएम नेता अकबरुद्दीन ओवैसी को दी खुली चुनौती

■ स्वतंत्र समय, हैदराबाद



एआईएमआईएमनेता अकबरुद्दीन ओवैसी के 15 मिनट तक पुलिस हटा लेने वाले बयान पर भाजपा की फायरब्रांड नेता नवनीत राणा ने पलटवार किया है। अकबरुद्दीन ओवैसी ने कुछ साल पहले एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि यदि 15 मिनट के लिए पुलिस हट गई तो हम तुम्हें बता देंगे। अब भाजपा नेता नवनीत राणा ने उनके गढ़ में पहुंचकर इसका जवाब दिया है। बीजेपी लीडर ने कहा कि मैं कहती हूं कि सिर्फ 15 सेकेंड के लिए पुलिस हटा ली गई तो छोटे (अकबरुद्दीन ओवैसी) तुम कहां से आए और कहां गए इसका पता भी नहीं चलेगा। नवनीत राणा हैदराबाद में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अकबरुद्दीन ओवैसी के पुराने बयान पर जवाब दिया है।

नवनीत राणा ने हैदराबाद में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए अकबरुद्दीन ओवैसी पर हमला बोला है। बीजेपी सांसद नवनीत राणा ने हैदराबाद में अकबरुद्दीन ओवैसी को चैलेंज किया है।

नवनीत राणा ने भरी सभा ने कहा, 'छोटा बोलता है कि 15 मिनट पुलिस को हटा दो हम दिखाएंगे। मैं बोलती हूं कि छोटे तुम 15 मिनट बोल रहे हो, हम बोल रहे हैं कि 15 सेकंड अगर पुलिस हटी तो छोटे तुम कहां से आए और कहां गए पता भी नहीं चलेगा।' नवनीत राणा के बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अकबरुद्दीन ओवैसी ने कुछ साल पहले बयान दिया था और कहा था कि यदि पुलिस को 15 मिनट के लिए हटा लिया जाए तो हम बता देंगे।

### एक्स पर शेयर किया वीडियो

*नवनीत राणा ने अपने इस बयान का वीडियो अपने एक्स हैंडल पर भी शेयर किया है। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने दोनों ओवैसी भाइयों को भी टैग किया है। वहीं, नवनीत राणा के इस बयान पर एआईएमआईएम उनपर हमलावर हो गई है। एआईएमआईएम प्रवक्ता वारिस पठान ने नवनीत राणा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि बीजेपी के नेता चुनाव के दौरान इस तरह का बयान दे रहे हैं। अगर हमारे किसी नेता ने ऐसा बयान दिया होता तो वो सलाखों के पीछे होता।*

## माधवी लता ने दी सफाई, बोलीं...15 मिनट वोट डालने के लिए निकालो



*नई दिल्ली। भाजपा सांसद नवनीत राणा के 15 सेकेंड वाले बयान के बाद से हैदराबाद का सियासा पारा बढ़ा गया है। इसी बीच हैदराबाद की भाजपा उम्मीदवार माधवी लता उनके समर्थन में उतर आई हैं, उन्होंने कहा कि उनका मतलब था कि 15 मिनट का समय निकाल कर वोट डालने जाएं भड़काऊ भाषण में शामिल होने न जाएं। हाल ही में चुनाव प्रचार के दौरान अमरावती लोकसभा सांसद नवनीत राणा के एक बयान के बाद से हैदराबाद में सियासत गर्मा चुकी है। उनके इस बयान के बाद से उन पर कार्रवाई की मांग भी की जा रही है। इन दिनों सोशल मीडिया पर नवनीत राणा का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे चुनावी सभा में कहती हैं कि कि 15 सेकंड के लिए पुलिस हटा लो, ओवैसी भाइयों को पता नहीं लगेगा कि वो कहां से आए और किधर गए। अब हैदराबाद सीट की भाजपा की उम्मीदवार माधवी लता उनके समर्थन में उतरी हैं। उन्होंने कहा कि हम किसी को धमकी नहीं देते। हम यह नहीं कहते कि 15 मिनट के लिए पुलिस बल हटा लें। हमारा कहना है कि 15 सेकेंड क्यों 15 मिनट निकालो अपना वोट डालने के लिए। भड़काऊ भाषण में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि विकसित भारत हमारा लक्ष्य है, सबका साथ, सबका विकास पर हमें काम करना है। यही हमारा मतलब भी है।*

### चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राणा ने कही थी यह बात

*नवनीत राणा ने ने हैदराबाद में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अकबरूद्दीन ओवैसी के बयान पर कहा कि छोटा भाई, बड़ा भाई न। छोटा बोल रहा है कि पुलिस को 15 मिनट के लिए हटा दो तो हम दिखाएंगे कि क्या कर सकते हैं? छोटे को ये कहना है कि तेरे को 15 मिनट लगेंगे छोटे। हमको सिर्फ 15 सेकंड लगेंगे। 15 सेकंड पुलिस को हटाया तो पता नहीं लगेगा कि कहां से आया और कहा को गया। सिर्फ 15 सेकंड लगेंगे हम लोगों को जिस दिन हम लोग मंच पर आ गए।*

## बिहार में लोकसभा चुनाव का पर्चा दाखिल करने आया प्रत्याशी गिरफ्तार



**स्वतंत्र समय, भोजपुर।** भोजपुर में पिछले 7 मई से लोकसभा 2024 का नॉमिनेशन जारी है। एनडीए के प्रत्याशी आरके सिंह नॉमिनेशन कर चुके हैं। हर दिन कोई ना कोई निर्दलीय या लोकल पार्टी के प्रत्याशी नॉमिनेशन करने जिला समाहरणालय पहुंच रहें हैं। भोजपुर पुलिस ने नॉमिनेशन के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी को गिरफ्तार कर लिया है। निर्दलीय प्रत्याशी लोकल पार्टी भारतीय क्रांतिवीर पार्टी के प्रत्याशी कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज हैं जिन्हें पुलिस ने डीएम कार्यालय से ही गिरफ्तार कर लिया। दर्जनों समर्थकों के साथ आये प्रत्याशी को समझ नही आया कि यह क्या हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरा में इस चुनाव में पहली बार नॉमिनेशन के दौरान किसी प्रत्याशी की गिरफ्तारी हुई है। इस मामले में भोजपुर एसपी नीरज कुमार ने बताया कि आपराधिक मामला होने के वजह से कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज की गिरफ्तारी हुई है। भोजपुर एसपी नीरज कुमार ने बताया कि नॉमिनेशन करने आये कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। संदेश थाना में पहले से कई मामले हैं, जिसमे इनके द्वारा बेल लिया गया है लेकिन इस साल दर्ज केस 47/24 में इन्होने अपना बेल नही कराया था। कांड दर्ज होने के बाद से यह लगातार फरार चल रहे थे। तभी आज सूचना मिली कि धारा 307 के आरोपी कृष्णा कुमार पासवान उर्फ वैध राज नॉमिनेशन फाइल करने आ रहे हैं।

# कन्हैया के पास न घर, न कार, पिछले साल कमाए सिर्फ 18 हजार रुपए

■ स्वतंत्र समय, नई दिल्ली

इस समय देश में चुनावी सरगर्मी है। लोकसभा के तीन चरणों के लिए मतदान कराया जा चुका है। शेष चरणों के लिए मतदान 13 मई से 1 जून के बीच होंगे। इस चुनाव में कई सीटें हैं जहां सबकी नजरें टिकी हुई हैं। राजधानी दिल्ली की उत्तर पूर्व दिल्ली लोकसभा सीट भी चर्चा में है। यहां कांग्रेस ने भाजपा के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी के सामने कन्हैया कुमार को उतारा है। उत्तर पूर्व दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार ने अपना नामंकन भी दाखिल कर दिया है। कन्हैया द्वारा दाखिल किए गए चुनावी हलफनामे से कई रोचक जानकारियां सामने आई हैं। कन्हैया के नाम पर कोई घर या वाहन नहीं हैं।

### संपत्ति बढ़ी या घटी ?

37 वर्षीय कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार ने अपने शपथ पत्र में कुल 10.72 लाख रुपये की संपत्ति बताई है। 2019 के चुनाव में उन्होंने कुल 5.57 लाख रुपये की कुल संपत्ति बताई थी। इस तरह से बीते पांच साल में उनकी संपत्ति में करीब दोगुने का इजाफा हुआ है।



### कांग्रेस नेता की सालाना कमाई

*कमाई की बात करें तो 2018-19 में कांग्रेस नेता की कुल कमाई 1.65 लाख रुपये थी। अगले वित्त वर्ष में उनकी कमाई में कमी आई। 2019-20 में ये घटकर 90 हजार रुपये हो गई। 2020-21 में कन्हैया कुमार की कमाई में बढ़ोतरी हुई और ये 1.95 लाख रुपये हो गई। वहीं, 2021-22 में कांग्रेस नेता की कमाई में कमी आई और ये 70 हजार रुपये रह गई। 2022-23 में इसमें फिर कमी आई और ये महज 18 हजार रुपये रह गई।*

## कन्हैया के खिलाफ सात मामले

*अपने शपथ पत्र में कन्हैया कुमार ने बताया है कि उनके खिलाफ सात मामले चल रहे हैं। इनमें से पांच मामले बिहार और एक-एक मामला असम और दिल्ली में दर्ज है। शपथ पत्र में कन्हैया ने बताया है कि इस समय उनके पास 1.28 लाख रुपये नकद हैं। कन्हैया के दो बैंक खातों में 6.79 लाख रुपये जमा हैं। इस तरह से कांग्रेस नेता ने अपने हलफनामे में 8.07 लाख रुपये की चल संपत्ति की जानकारी दी है।*

### कन्हैया के पास घर नहीं

*कन्हैया के नाम बिहार के मसनदपुर में एक गैर खेतीहर जमीन है। 85.08 वर्ग फीट की जमीन का मौजूदा बाजार मूल्य 2.65 लाख रुपये बताया गया है। कांग्रेस नेता ने अपने शपथ-पत्र में कुल 2.65 लाख रुपये की अचल संपत्ति की घोषणा की है। वहीं चल और अचल संपत्ति दोनों को जोड़ दें तो कन्हैया कुमार 10.72 लाख रुपये की संपत्ति के मालिक हैं। जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया ने ब्याज और प्रकाशन से मिलने वाली रॉयल्टी को अपनी आमदनी का जरिया बताया है। कन्हैया ने 2019 में दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) से पीएचडी की डिग्री हासिल की है।*

## प्रचार के लिए उतरा इब्राहिम मूसा, 93 ब्लास्ट में मिल चुकी है 10 साल की सजा

■ स्वतंत्र समय, मुंबई



लोकसभा चुनाव की सरगर्मी में अब 93 ब्लास्ट के आरोपी की भी एंट्री हो चुकी है। मुंबई उत्तर पश्चिम के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर के प्रचार में 93 बम धमाके का आरोपी इब्राहिम मूसा नजर आ रहा है. अमोल कीर्तिकर को उत्तर पश्चिम मुंबई सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है.अमोल कीर्तिकर से ईडी ने कोविड काल के दौरान हुए कथित खिचड़ी घोटाला मामले में पूछताछ कर चुकी है।

आपको बता दे इब्राहिम मूसा वहीं आरोपी है जिसने 93 बम ब्लास्ट के समय हथियार सप्लाई किए थे और अदालत से इस आरोपी को 10 साल की सजा दी हुई थी। ऐसे में अब उद्धव बाला साहब ठाकरे गुट वाली शिवसेना के उम्मीदवार अमोल कीर्तिकर के प्रचार में इब्राहिम मूसा के शामिल होने के बाद भाजपा को बैठे बिठाये एक मुद्दा मिल गया है। मुंबई उत्तर-पश्चिम में ठाकरे खेमे के अमोल कीर्तिकर का मुकाबला सत्तारूढ़ सेना के रवींद्र वायकर से होगा। वायकर जो पहले सेना (यूबीटी) में थे, हाल ही में शिंदे खेमे में शामिल हुए हैं। वह वर्तमान में मुंबई में जोगेश्वरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। आपको बता दें कि 12 मार्च, 1993 को दोपहर में मुंबई स्टॉक एक्सचेंज पर जोर धमाका हुआ। ऐसा धमाका, जिसकी गूंज दूर-दूर तक गई। चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। इससे पहले कि हाहाकार के बीच लोग कुछ समझ पाते महज 2 घंटे 10 मिनट के भीतर मुंबई के अंदर 12 जगह धमाके हो गए।

# काराकाट से निर्दलीय प्रत्याशी पवन सिंह की जनसभा में उमड़ी भीड़

भोजपुरी के कई दिग्गज कलाकारों के साथ ही मंच पर उनकी मां और उनकी पत्नी भी रहीं मौजूद

■ स्वतंत्र समय, रोहतास

रोहतास में काराकाट लोकसभा सीट से नामांकन के तीसरे दिन भोजपुरी के सुपर स्टार पवन सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन से पूर्व पवन सिंह ने पहले मां ताराचंडी के दरबार में हाजिरी लगाई और फिर अपने लाव लश्कर के साथ सीधे जिला समाहरणालय स्थित जिला निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में नामांकन के लिए पहुंचे।

इस दौरान शहर में प्रवेश करते ही पवन सिंह के साथ उनके समर्थकों की भारी भीड़ भी देखी गई। पवन सिंह अपने काफिले के साथ आगे बढ़ रहे थे और पीछे-पीछे उनके समर्थकों की भीड़ एक झलक पाने के लिए पूरे रास्ते दौड़ लगाती रही। हालांकि, कचहरी मोड़ के समीप बनाए गए बैरीकेटिंग के पास ही पवन सिंह के काफिले को प्रशासन ने रोक दिया गया और सिर्फ तीन वाहन को ही आगे जाने की अनुमति दी गई। इसके बाद पवन सिंह अपने प्रस्तावकों के साथ सीधे निर्वाचन हेल्प डेस्क पर पहुंचे। जहां बारी-बारी से सभी काउंटरों पर उनके फॉर्म आदि की जांच की गई और फिर उन्हें प्रस्तावकों के साथ जिला निर्वाची पदाधिकारी के कक्ष में भेजा गया। वहीं, नामांकन प्रक्रिया पूरी करने के बाद भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह अकोढीगोला के प्रेमनगर हाई स्कूल में आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया। पवन सिंह के जनसभा में भोजपुरी गायक गुंजन सिंह, शिल्पी राज, गोलू राजा, चंदन यादव सहित कई कलाकार उपस्थित थे।



जिन्होंने अपने गीतों के माध्यम से जनसभा में मौजूद लोगों का खूब मनोरंजन किया। पवन सिंह के जनसभा में मंच पर पवन सिंह के साथ उनकी मां और पत्नी ज्योति भी मौजूद रहीं। पवन सिंह की मां ने जनसभा को संबोधित करते हुए अपने बेटे के पक्ष में जनता से वोट देने की अपील की। वहीं, पवन सिंह ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि काराकाट की जनता मेरे लिए भगवान है, जिस तरीके से 15 वर्षों में काराकाट की जनता के साथ यहां के मौजूद सांसदों द्वारा उपेक्षा किया गया है, वो दुर्भाग्यपूर्ण है। काराकाट लोकसभा क्षेत्र का जितना विकास होना चाहिए था, नहीं हो पाया है। यहां सड़क, रोजगार और शिक्षा सहित अन्य कई तरह की समस्याएं आज भी मौजूद हैं। इसलिए काराकाट के विकास के लिए परिवर्तन जरूरी है और मेरी मां ने मुझे काराकाट को सौंप दिया है। वहीं, पवन सिंह ने जनता से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि आप अपने कीमती वोट के रूप में अपना आशीर्वाद दीजिए। मैं वादा करता हूं कि जीतने के बाद काराकाट का संपूर्ण विकास करूंगा। वहीं, पवन सिंह ने कहा कि अगर मैं काराकाट लोकसभा से चुनाव जीतता हूं तो सांसद कोष से मिलने वाली सारी राशि काराकाट की जनता के विकास में खर्च करूंगा। इसके अलावा सांसद को मिलने वाले वेतन को काराकाट की बेटियों के विवाह एवं शिक्षा के लिए खर्च कर दूंगा।

बता दें कि नामांकन और जनसभा के दौरान पवन सिंह के समर्थकों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। समर्थकों की भारी भीड़ को देखते हुए पुरानी जीटी रोड के उत्तरी लेन को दो-तीन घंटे के लिए बंद रखा गया तथा तथा नामांकन प्रक्रिया पूरी होने तक समर्थकों का हुजूम समाहरणालय गेट पर जमा रहा। इस दौरान समर्थकों ने पवन सिंह के समर्थन में खूब नारे भी लगाए और पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा। वहीं, पवन सिंह के साथ सेल्फी लेने के लिए जनसभा में मौजूद युवाओं के बीच होड़ मची रही।

# समर कैंप में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**स्वतंत्र समय, शाजापुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल सीएम राइज स्कूल शाजापुर में आयोजित दस दिवसीय समर कैंप में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इसी कड़ी में विधाओं में अर्जित कौशल तथा बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का गुरुवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विकाखंड शिक्षा अधिकारी वंदना गुप्ता, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक योगेश भावसार, प्रशासनिक कार्य के मद्देनजर विद्यालय से अन्यत्र पदस्थ वरिष्ठ अनीता श्रीवास्तव, नूरुद्दीन कुरैशी, पूरणमल प्रजापति, लोकेंद्र शर्मा, जितेन्द्र तोमर, वर्षा नागर मंचासीन थे। स्वागत भाषण और समर कैंप में संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में संस्था प्राचार्य सविता सोनी ने अतिथियों को परिचित करवाया।

तत्पश्चात विद्यार्थियों ने समर कैंप में संचालित गतिविधियों के तारतम्य में सामूहिक नृत्य, सिंथेसाइजर, तबला वादन और स्पोकन इंग्लिश के गुर मंच के माध्यम से बिखेरे। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सभी ने सराहा और तालियों की गडग़ड़ाहट से उत्साहवर्धन किया। संस्था के प्रधानाचार्य आशीष जोशी ने बताया कि सीएम राईज विद्यालय में 1 मई से 10 मई तक सर्वांगीण विकास के ध्येय को लेकर पूरे प्रदेश में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, ताकि पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थी अन्य गतिविधियों में भी अग्रणी हो सकें। इन गतिविधियों को सिखाने हेतु प्रतिबद्ध मास्टर ट्रेनर देवकीनंदन शर्मा, कमलेश नागर, देवतवाल को योग और एरोबिक्स हेतु, कमलेश नागर, निकिता शर्मा, तबस्सुम शाह, स्पोकन इंग्लिश हेतु, अरुणा कराड़ा डांस हेतु तथा शुभम भावसार संगीत वाद्य यंत्रों हेतु एवं तबस्सुम शाह को आर्ट एंड क्राफ्ट हेतु मंचासीन अतिथियों द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

# पगलाए कांग्रेसी बता रहे हैं चमड़ी का रंग, सैम पित्रोदा के बयान पर सीएम का पलटवार



**स्वतंत्र समय, खरगोन।** देशभर में मोदीजी लगातार चुनाव जीतते जा रहे हैं, जिससे कांग्रेस के लोग बुरी तरह पगला गए हैं। अब वे चमड़ी का रंग बता रहे हैं। ये गाली कांग्रेस को बहुत महंगी पड़ेगी। यह जवाबी हमला सीएम डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को झिरन्या जनपद के ग्राम हेलापडाव में आयोजित चुनावी सभा के दौरान कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान पर पलटवार करते हुए किया।

सीएम ने खंडवा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में चुनावी सभा ली। उन्होंने कहा राहुल गांधी कभी कहते हैं कि आलू से सोना बनाने की मशीन लगाउंगा। अब कर रहे हैं किं एक झटके में गरीबी दूर कर दूंगा। जबकि उनकी माता सोनिया गांधी ने 10 साल शासन किया, उनके पिता ने पांच साल शासन किया। उनकी दादी ने 17 साल व उससे पहले उनके नाना ने 16 साल शासन किया लेकिन गरीबी दूर न कर सके। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रकाश भावसार ने बताया भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र के हेलापड़ावा में हुई सभा में खंडवा लोकसभा प्रभारी कल्याण अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर, महामंत्री राजेश माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष विजय महाजन, पूर्व विधायक धूलसिंह डावर, विधायक प्रत्याशी नंदा ब्राह्मणे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष बापूसिंह डावर, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुंदर बार्चे, विधानसभा संयोजक दुलीचंद बांके आदि मंचासीन थे।

## क्षेत्र के सभी बूथों पर चलाया महाजनसंपर्क अभियान

**स्वतंत्र समय, आगर मालवा।** भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सौंलकी के समर्थन में गुरुवार को आगर ग्रामीण मंडल के सभी बूथों ग्राम गुन्दीकलां,आखाखेडी,सोनचढी, राघौगढ़ ,भाचाखेडा,आदि गांवों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जन सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें वरिष्ठ नेता कालुसिंह राठौड़, गोवर्धन सिंह बगडावत, जिला पंचायत सदस्य डॉ मोहनलाल मकवाना, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सिंह चौहान,माग़ुसिंह सिसोदिया, महिपाल सिंह राठौर,केशरीसिंह, फुलचंद टेलर,मनोज शर्मा,बूथ अध्यक्षों द्वारा गाव गांव में मतदाताओं के घर घर पहुंचकर भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताई जा रही है।और वोट देने की अपील की गई।इस अवसर पर ग्रामीण कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा तनोडिया ने दी।

# संगठित युवा शक्ति की पहचान बनेगा जैन युवक महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन: सिंघी

### 9 जून को श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ महातीर्थ में लगेगा जैन युवाओं का महाकुंभ आयोजन समिति की बैठक में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया गया मार्गदर्शन



**स्वतंत्र समय, शाजापुर।** व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज और समाज से सशक्त राष्ट का विकास संभव होता है, जिस परिवार का युवा सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग, सक्रिय और समर्पित होता है उस समाज की प्रगति और उन्नति निश्चित तय होती है। अखिल भारतीय जैन युवक महासंघ इसी विचारधारा को लेकर समाज के बीच कार्य कर रहा है। श्रीनागेश्वर पार्श्वनाथ महातीर्थ में होने वाला राष्ट्रीय अधिवेशन संगठित युवा शक्ति का महासंगम साबित होगा। उक्त बातें भारत सरकार के केन्द्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष एवं जैन युवक महासंघ के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष सुनीलजी सिंघी ने उज्जैन में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजन समिति की बैठक में उपस्थित विशेष आमंत्रित सदस्यों से चर्चा करते हुए कही। निजी होटल में आयोजित बैठक के दौरान सिंघी ने कहा कि राष्ट्रीय अधिवेशन के रूप में समाज समर्पित युवाओं का महाकुंभ लगने वाला है, जो समाज के भविष्य की दशा और दिशा भी तय करेगा।

इस माध्यम से ना केवल हम हमारी विचारधारा युवाओं तक पहुंचाएंगे, बल्कि उनके विचारों से भी जुडने् का प्रयास करेंगे ताकि सबके साथ समाज का विकास हो सके। इसके साथ ही सिंघी ने बैठक में उपस्थित महासंघ के राष्ट्रीय, प्रदेश पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया और सुझाव लिए तथा कार्यक्रम संचालन समितियां गठित करके दायित्व विभाजन किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अनिल दसेड़ा ने अधिवेशन की रूपरेखा बताते हुए प्रमुख रूप से आवास समिति, भोजन समिति, परिवहन समिति, स्वागत समिति, आमंत्रण समिति तथा प्रचार-प्रसार समिति का गठन किया।

साथ ही उपस्थित आयोजन समिति सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपकर जिला प्रभारी तय किए गए। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महामंत्री सुनील गांग, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद बरबोटा, राष्ट्रीय पदाधिकारी संजय जैन, नरेंद्र बाफना, अभय जैन, अजेश कोठारी, निलेश सुराणा, प्रदेश उपाध्यक्ष सपन जैन, प्रकाश जैन, प्रदेश महामंत्री प्रसन्न जैन, प्रदेश सचिव हार्दिक मेहता, राहुल रांका, मयंक भंसाली तथा दीपक जैन सहित समस्त अपेक्षित पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी राष्ट्रीय अधिवेशन मीडिया प्रभारी मंगल नाहर ने दी।

# नेशनल लोक अदालत 11 मई को

### पक्षकार अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी सुलह और समझौते से निराकरण करवाएं

**स्वतंत्र समय, सुसनेर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आगर मालवा श्री रवीन्द्र सिंह कुशवाह के कुशल मार्गदर्शन में जिला आगर मालवा तथा तहसील न्यायालय सुसनेर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई, को किया जायेगा।

नेशनल लोक अदालत का शुभारम्भ जिला न्यायालय परिसर आगर में प्रातः 10:30 बजे से कि3या जायेगा। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य गागलों के साथ ही जलकर, संम्पत्तिकर, बैंक ऋष्ण व विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु रखे जा रहे है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के लिए निराकरण के लिए बीमा कंपनी के अधिकारी, पक्षकार एवं अधिवक्ताओं के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आगर मालवा के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत प्रभारी प्रथम जिला न्यायाधीश श्री प्रदीप दुबे के द्वारा प्री-सिटिंग बैठके की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए तैयारी पूर्ण हो चुकी है। जिस हेतु जिला मुख्यालय आगर मालवा में 08, सुरानेर में 02 एवं नलखेडा में 01 न्यायिक अधिकारियों की कुल मिलाकर 11 खण्डपीठ गठित की गई है। खण्डपीठ में एक-एक अधिवक्ता को सुलहकर्ता सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। आयोजन की तिथि पर इन्हीं खण्डपीठ के पटल पर विभिन्न मामलों को रखा जाएगा एवं आपसी सुलह-समझौतों के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

## पक्षकारों से अपील

नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों से अपील की गई है कि वे अपने वर्षो से लंबित प्रकरणों का सुलह-समझौते के माध्यम से निराकरण करवा कर लोक अदालत का लाभ लेवें। लोक अदालत में प्रकरण का निराकरण होने से संपूर्ण कोर्ट फीस वापस हो जाती हैं और समय एवं धन की बचत भी होती है।



# 23 जून को होगा विश्वकर्मा समाज का परिचय सम्मेलन

**स्वतंत्र समय, खरगोन।** सर्व विश्वकर्मा समाज विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। 23 जून को होने वाले इस सम्मेलन को लेकर गुरुवार को प्रचार- प्रसार के लिए पम्पलेट विमोचन कार्यक्रम हुआ। इसमें इंदौर संभाग प्रभारी संतोष विश्वकर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष लखन कर्मा, कृष्णलाल कर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी रामेश्वर कर्मा, राकेश कर्मा, हुकुमचंद कर्मा, अशोक कर्मा, संतोष कर्मा, मनीष कर्मा, नवनीत कर्मा, देवकरण कर्मा आदि शामिल हुए। उपाध्यक्ष लखन कर्मा ने बताया कि सम्मेलन में अधिक से अधिक युवक- युवतियां शामिल हो इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों के बायोडाटा भी मिलने लगे है। सम्मेलन खरगोन के शिवशक्ति मैरेज गार्डन में होगा। इस दौरान महिला मंडल श्रीमती संगीत कर्मा, मेघा कर्मा, अनीता कर्मा, ज्योति कर्मा आदि उपस्थित थे।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने निकाली वाहन रैली



**स्वतंत्र समय, शाजापुर।** भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य तरीके से मनाया जाएगा, जिसके तहत गुरुवार शाम चार बजे शहर में वाहन रैली निकाली गई। वहीं 10 मई को सुबह 8 बजे चामुंडा टेकरी स्थित परशुराम मंदिर पर भगवान परशुराम का अभिषेक पूजन कर हवन किया जाएगा। शाम को बालवीर हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के मुख्य मार्गो से होकर पुन~बालवीर हनुमान मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी। वाहन रैली प्रमुख जलज ठाकुर और प्रतीक शर्मा ने बताया कि वाहन रैली शाम चार बजे मां राजराजेश्वरी मंदिर से प्रारंभ हुई जो टंकी चौराहा, आदर्श कॉलोनी, स्टेशन रोड, गायत्री मंदिर, महूपुरा, किला रोड, आजाद चौक, बस स्टैंड, ट्रैफिक पाइंट होकर दुपाड़ा रोड स्थित चामुंडा टेकरी पर पहुंचकर संपन्न हुई, यहां भगवान परशुरामजी की महाआरती की गई।

## पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक

**स्वतंत्र समय, आगर मालवा।** लोकसभा चुनाव सरगर्मी बढ़ गई है। कांग्रेस पूरी तरह मैदान ऊतर चुकी है। पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े की अध्यक्षता में बुधवार शाम को आगर नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य रुप से पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता गुड्डू लाला, आगर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमित अजमेरा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बसंत भाटिया, नगर अध्यक्ष रइस शेख, एनएसयूआइ राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर आदि मौजूद रहे।

**60 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार: स्वतंत्र समय, खरगोन।** युरिया की थैली में छिपाकर कच्ची शराब बेचने निकले दो युवक पुलिस के हत्थे चढ़े है। थाना सनावद पुलिस ने बाईक पर इनके कब्जे से 60 लीटर शराब बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बिराली रोड से साला की तरफ आने वाली मोटर सायकिलों पर नजर रखी जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर के बताये हुलिये अनुसार एक मोटर सायकल पर 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए।

# नेशनल लोक अदालत 11 मई को, न्यायिक खंडपीठ गठित

**स्वतंत्र समय, शाजापुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 11 मई को शाजापुर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ललित किशोर के मार्गदर्शन में शाजापुर, तहसील न्यायालय शुजालपुर, जिला आगर.मालवा तथा तहसील न्यायालय सुसनेर एवं नलखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का शुभारंभ जिला न्यायालय परिसर में 11 मई को सुबह 10.30 बजे से किया जाएगा। इस लोक अदालत में न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, चैक बाउंस श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ ही जलकर, सम्पत्तिकर, बैंक ऋष्ण व विद्युत संबंधी प्री लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण भी किया जाएगा। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकारण सचिव सिराज अली ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललित किशोर द्वारा जिला मुख्यालय में 08 एवं तहसील न्यायालय शुजालपुर में 07, आगर-मालवा में 8, सुसनेर में 02 एवं नलखेड़ा में 01 न्यायिक अधिकारियों की कुल मिलाकर 27 खण्डपीठ गठित कर सभी खंडपीठों के लिए पीठासीन अधिकारियों को नामित किया है। उक्त खण्डपीठ में एक-एक अधिवक्ता को सुलहकर्ता सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। आयोजन की तिथि पर इन्हीं खण्डपीठ के पटल पर विभिन्न मामलों को रखा जाएगा एवं आपसी सुलह समझौतों के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। सचिव एवं जिला न्यायाधीश सिराज अली ने नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिले के सभी अधिवक्ता संघों और उनके अधिवक्ता सदस्यों से प्रकरणों के निराकरण में सहयोग की अपेक्षा की है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता फोरम से संबंधित विचाराधीन मामलों को निपटाने के लिए जिले में पृथक से विशेष खंडपीठ क्रमांक 16 गठित की गई है। अधिवक्ता एवं पक्षकार उपभोक्ता फोरम में लंबित मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते हैं तो यथाशीघ्र उपभोक्ता फोरम में संपर्क कर अपने प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखवा सकते हैं और लोक अदालत का लाभ ले सकते हैं।

## बड़वाह के तीन बीएलओ को कारण बताओ नोटिस

**स्वतंत्र समय, खरगोन।** बड़वाह के सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रताप कुमार आगास्या ने मतदाता पर्ची वितरण कार्य में लापरवाही बरतने पर तीन बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मिली जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र बड़वाह के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक. 75 के बीएलओ उच्च श्रेणी शिक्षक सुरेन्द्र जायसवाल, मतदान केन्द्र क्रमांक. 172 के बीएलओ नविम के सहायक ग्रेड.03 आरएस चंदेल एवं मतदान केन्द्र क्रमांक.06 काटकूट के बीएलओ सहायक अध्यापक राजाराम मुजाल्दे द्वारा मतदाता पर्ची वितरण में लापरवाही बरतना पाया गया है। मतदाता पर्ची का वितरण कार्य 08 मई को सांय 05 बजे तक पूर्ण किया जाना था। लेकिन इनके द्वारा यह कार्य समय सीमा में पूर्ण नहीं किया गया है। जिस पर इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न इनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

## छेड़छाड़ के आरोपी को 2 साल का कारावास

**स्वतंत्र समय, खरगोन।** खेत से लौट रही युवती से छेड़छाड कर अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को न्यायालय ने दो साल के कारावास से दंडित किया है। पैरवीकर्ता सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती सिमी रत्नरम ने बताया कि 23 फरवरी 2019 को पीडिता ग्राम नानबैडी में अपने जीजा के खेत में गेंहू काटने गई थी। शाम 6 बजे वह पैदल.पैदल अपने घर वापस आ रही थी तभी रास्तें में नवलसिंग मिला व उसका पीछा करते हुए बुरी नियत से उसका हाथ पकड लिया। बोला कि वह उसे पत्नी बनाना चाहता है और उससे संबंध बनाने का कहकर जान से मारने की धमकी दी, पीडिता ने अभियुक्त से अपना हाथ छुडाया तो अभियुक्त ने उससे कहा कि वह उसके नाम की चिट्ठी लिखकर मर जाएगा और उसे आत्महत्या के झूठे केस में फंसा देगा। इसी दौरान पीडिता के बहन का लडका दीपक भी वहां आ गया और उसने भी उक्त घटना देखी। पीडिता ने पुलिस थाना बिस्टान पर उक्त रिपोर्ट लेख कराई। पुलिस बिस्टान ने संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जहां मुख्य न्यािyक मजिस्ट्रेट सदाशिव दांगोडे ने आरोपी नवलसिंग को 02वर्ष के कठोर कारावास एवं 1500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

स्वतंत्र समय
E-PAPER www.swatantrasamay.com
इंदौर
शुक्रवार 10 मई 2024



घमंडिया गठबंधन के आधे नेता जेल में और आधे जमानत पर

# खतरे में संविधान नहीं, पूरी कांग्रेस पार्टी के नेता हैं: मुख्यमंत्री यादव

■ स्वतंत्र समय, भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को भीकनगांव, पानसेमल, निवाली औा बड़वानी में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं में कांग्रेस को जमकर घेरा। सीएम ने कहा-कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी लगातार एक लाल किताब लेकर चल रहे हैं और कहते फिर रहे हैं कि देश का संविधान खतरे में है। यदि मोदीजी फिर आ गए तो संविधान खतरे में पड़ जाएगा। खतरे में देश का संविधान नहीं, बल्कि पूरी कांग्रेस पार्टी और इनके घमंडिया गठबंधन के नेता हैं।

इनको डर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इनको छोड़ेंगे नहीं। सीएम ने कहा-प्रधानमंत्री कहते हैं कि न खाउंगा, न खाने दूंगा। बेईमानों को तो जेल में जाना पड़ता है । राहुल गांधी को झूठ का भैरू आता है, इसलिए बार-बार झूठ बोलते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने लिए कुछ नहीं किया, लेकिन देश की 140 करोड़ जनता के लिए जी रहे हैं। उन्होंने कहा-कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से आदिवासियों के साथ छलकपट किया है। आदिवासियों को केवल वोट बैंक समझा है। उनसे जिंदगीभर से वोट लेते रहे, लेकिन उनका विकास कभी नहीं किया। अब तो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी आदिवासियों की इज्जत को ही उछाल रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी आदिवासियों की इज्जत उनकी पगड़ी को अपने सर पर रखते हैं। पिछले दिनों राहुल गांधी मप्र के दौरे पर आए तो आदिवासियों ने उन्हें पगड़ी पहनाई, लेकिन उन्होंने उनकी पगड़ी को उछाल दिया। मोदी आए और आदिवादियों ने उन्हें भी पगड़ी पहनाई तो उन्होंने पगड़ी पहनकर आदिवासियों की इज्जत को अपने सर पर रखे रखा।

### कांग्रेस पार्टी और इंडी नेताओं को घमंड है

डॉ. यादव ने कहा-कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन को घमंड है। यही कारण है कि इस घमंडिया गठबंधन के आधे नेता जेल में है और आधे जमानत पर बाहर घूम रहे हैं। कांग्रेस और उनके गुरू झूठ बोल-बोल कर पगला रहे हैं। इनकी हालत ऐसी है, जैसे किसी को झूठ का भैरू आ गया है। यदि हम किसी भगवान का नाम लेते हैं, उनका जयकारा लगाते हैं तो कांग्रेस को भगवान का जयकारा सहन नहीं होता है। उनकी छाती पर सांप लेट जाते हैं। हम तो हमारे देवी-देवताओं को पूजने वाली परंपरा के लोग हैं। हमारे यहां तो भगवान का नाम सीताराम, राधाकृष्ण, शिव-पार्वती लेने पर भी माता का नाम पहले लेते हैं, लेकिन कांग्रेस तो हमारी माताओं-बहनों का अपमान करती है।

## राहुल गांधी की जड़ें भारत में नहीं इटली में हैं: शिवराज सिंह

**स्वतंत्र समय, भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को खंडवा से भाजपा



उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिल के समर्थन में मांधाता, पंधाना और नेपानगर में चुनावी सभाएं की। उन्होंने कहा कांग्रेस के एक नेता सैम पित्रोदा हर दिन पता नहीं क्या-क्या कह रहे हैं। एक बार कहा कि विरासत टैक्स लगना चाहिए। विरासत टैक्स का मतलब है कि माता-पिता की मौत के बाद उनकी सम्पत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के खाते में चला जाएगा और 45 प्रतिशत ही उनके बच्चों को मिलेगा। शिवराज ने कहा-हमारे भारत में तो गरीब, मजदूर भी अपना पेट काट-काटकर अपने बच्चों के लिए कुछ बचा पाते हैं और कांग्रेस उनसे ये भी छीन लेना चाहती है। अब कांग्रेस और सैम पित्रोदा कह रहे हैं कि नॉर्थ ईस्ट के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं। दक्षिण के लोग दक्षिण अफ्रीका जैसे लगते हैं। अलग भाषा, अलग भेष फिर भी अपना एक देश।

जीएडी ने डीई के मामले सार्वजनिक करने को कहा

# अफसर भ्रष्टाचार, अनियमितता में फंसे तो अब पोर्टल पर दिखेगा

■ स्वतंत्र समय, भोपाल



भ्रष्टाचार के मामलों में फंसे अधिकारियों के बारे में आरटीआई में जानकारी लेना अभी तक मुश्किल होता था, लेकिन अब ऐसे मामलों में फंसे अफसर जिनके विरुद्ध डीई विभागीय जांच चल रही है, सभी की जानकारी डिपार्टमेंट के पोर्टल पर डालना अनिवार्य होगा। इस संबंध में जीएडी ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं। इस मामले में मुख्य सचिव 15 मई के बाद इसकी समीक्षा करेंगी। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी ने सभी डिपार्टमेंट को निर्देश जारी करते हुए कहा कि कार्यालय में लंबित विभागीय जांच (डीई) पोर्टल पर अनिवार्य रूप से ऑनलाइन की जाए। निर्देशों में कहा गया है कि ऐसे सेवानिवृत्त शासकीय सेवक, जिनके विरुद्ध विभागीय जांच लंबित है या 31 मई 2024 तक विभागीय जांच की कार्यवाही प्रारंभ की जाए। ऐसे प्रकरणों में डीई की कार्यवाही अभियान चलाकर पूर्ण की जाए। ऐसे सभी प्रकरणों में जहां संबंधित सेवानिवृत्त अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध शास्ति अधिरोपित की जाना हो, के लिए मंत्रिमंडल संक्षेपिका 31 अगस्त 2024 तक मुख्य सचिव कार्यालय में अनिवार्य रूप से भेजी जाए। विभागों में लंबित विभागीय जांच प्रकरणों की समीक्षा सीएस द्वारा 15 मई के बाद की जाएगी।

### डिपार्टमेंट नहीं करते ऐसे मामले उजागर

*भ्रष्टाचार अथवा अनियमितता में फंसे अधिकारियों तथा कर्मचारियों के विरुद्ध चल रही डीई, लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू द्वारा विभागीय जांच प्रारंभ करने की गई अनुशंसा को अफसर उजागर नहीं करते, जिसके चलते विभागों में भ्रष्टाचार, अभियोजना आदि के सैकड़ों मामले लटके रहते हैं। अब डीई के मामले सार्वजनिक होने से ऐसे अफसरों के नामों का खुलासा हो सकेगा और लोकायुक्त तथा ईओडब्ल्यू को कार्रवाई करने का मौका मिल सकेगा।*

## जिसकी दो पत्नियां उसे दो लाख रुपए मिलेंगे: भूरिया

■ स्वतंत्र समय, भोपाल

जिस व्यक्ति की दो पत्नियां हैं, उसे दो लाख रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा, कांग्रेस ने घोषणापत्र में सभी महिलाओं के खातों में एक-एक लाख रुपए देने की बात कही है। यह कहना है पूर्व केंद्रीय मंत्री और रतलाम लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया का।



भूरिया ने गुरुवार को सैलाना में चुनावी सभा की। उनके साथ पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी भी मौजूद थे। मंच से ही पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भूरिया के बयान का समर्थन किया। कहा-आपके जो भावी सांसद हैं भूरिया जी, इन्होंने अभी भयंकर घोषणा कर दी। जिसकी दो पत्नियां हैं, उसको डबल।, भूरिया ने कहा-भाजपा के लोग मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने देश बर्बाद कर दिया। हमारे आदिवासी समाज के लोगों को अपमानित करने का काम किया है। भाजपा नेताओं ने आदिवासी परिवार के लोगों को 10 फीट के गड्ढे में गाड़ दिया। देवास जिले में दो साल की बच्ची को जिंदा गाड़ दिया। सीधी में आदिवासी भाई पर भाजपा नेता पेशाब कर रहा था, तब वे मौन रहे।

### कहा- क्या मतदाता आपकी जेब में?

*भूरिया ने कहा–नरेंद्र मोदी कहते हैं कि अबकी बार 400 पार। मोदी जी, क्या मतदाता आपकी जेब में हैं? जो 400 पार दे देंगे। वे पहले कहते थे, एक बार मुझे प्रधानमंत्री बना दो, तो मैं दो करोड़ नौजवानों को नौकरी दूंगा। 15–15 लाख खाते में जमा करा दूंगा। बेचारे गरीबों ने 400–500 जमा करके खाते खुलवा दिए, लेकिन एक पैसा जमा नहीं हुआ। मोदी ने खाते खुलवाकर करोड़ों रुपए जमा कर लिए, इसलिए आपको देखना है कि इन्होंने न नौजवानों का भला किया और न महिलाओं का भला किया।*

## मालवा निमाड़ में अब राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय नेताओं की सभाएं

**स्वतंत्र समय, भोपाल।** मालवा-निमाड़ क्षेत्र की आठ लोकसभा सीटों पर 13 मई को होने वाले मतदान के चलते भाजपा और कांग्रेस के जीत के अपने-अपने दावे हैं। इसके बाद भी प्रचार का सबसे अधिक जोर भी इसी चौथे चरण में देखने को मिल रहा है। हर सीट पर प्रचार के लिए राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेताओं ने ताकत झोंक दी है। भाजपा और कांग्रेस के नेता प्रतिदिन 15 से 20 सभाएं, रोड-शो, प्रबुद्धजन सम्मेलन कर रहे हैं। अलग-अलग अंचल के नेता यहां उन क्षेत्रों में जुटे हैं, जहां उनका प्रभाव अधिक माना जा रहा है। सात मई को प्रधानमंत्री की सभा के बाद भाजपा से मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य नेताओं की सभा हुई, तो कांग्रेस से राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव सहित दूसरे नेताओं की सभाएं हो रही हैं। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह तीन दिन रतलाम, खरगोन और मंदसौर लोकसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगे।

# विस चुनाव से लोस में 8 फीसदी तक वोटिंग गिरी

■ स्वतंत्र समय, भोपाल

तीसरे चरण की आठ सीटों पर मतदान भले ही 2019 के लोकसभा चुनाव के औसत से अधिक रहा, पर पांच माह पहले विधानसभा चुनाव जैसा उत्साह मतदान में नहीं दिखा। 17 नवंबर 2023 को हुए विधानसभा चुनाव की तुलना में आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। सबसे अधिक गिरावट मुरैना में 13 प्रतिशत की रही। भोपाल में लगभग दो प्रतिशत तो गुना में चार प्रतिशत मतदान कम रहा। गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में इन नौ लोकसभा सीटों के तहत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में औसत मतदान 75.31 प्रतिशत था, जबकि तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव में 66.91 प्रतिशत रहा। इसमें मुरैना, भिंड, गुना, ग्वालियर, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और बैतूल लोकसभा सीट शामिल है। 2018 के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में औसत मतदान 75.63 प्रतिशत और 2019 के लोकसभा चुनाव में 71.15 प्रतिशत था। यानी 4.48 प्रतिशत ही कम रहा।

### तीन चरणों में 12 फीसदी मतदान कम हुआ

*इस लोकसभा चुनाव में पहले तीन चरणों में औसत मतदान 64.76 प्रतिशत रहा जो 2023 के विधानसभा के चुनाव में हुए 77.15 प्रतिशत मतदान से 12.39 प्रतिशत कम है। विधानसभा चुनाव के लगभग पांच माह बाद हुए लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की निराशा चकित करने वाली है। स्थित यह रही कि प्रदेश सरकार के मंत्री भी अपने विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की गिरावट को थाम नहीं पाए। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना के विधानसभा क्षेत्र सुमावली में 19 प्रतिशत मतदान गिरा है। यह स्थिति तब है जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी मंत्रियों को अपने–अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए कहा था।*

## नाबालिग बेटे से वोट डलवाने वाले जिपं सदस्य पर FIR दर्ज

■ स्वतंत्र समय, भोपाल

नाबालिग बेटे से वोट डलवाने वाले भोपाल जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वहीं, बूथ के पीठासीन अधिकारी संदीप सैनी, उनके सहायक सीआर बाथम, मनोज कुमार मौर्य और मदन गोपाल पटेल को सस्पेंड कर दिया गया है। बूथ पर तैनात प्रधान आरक्षक संतोष को लाइन अटैच किया गया है। भोपाल संसदीय सीट पर वोटिंग के दिन 7 मई को बैरसिया तहसील के मतदान केंद्र क्रमांक 71 खितवास पर मेहर ने नाबालिग बेटे से वोट डलवाया था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। वायरल होने के बाद इसे डिलीट भी कर दिया। हालांकि, कांग्रेस ने इस मुद्दे को लपक लिया। कांग्रेस नेता पीयूष बबेले ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट की। इसमें लिखा- भाजपा ने चुनाव आयोग को बच्चों का खिलवाड़ बना दिया है। भोपाल में भाजपा के जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर ने नाबालिग बेटे से डलवाया वोट। वोट डालते वक्त का विनय मेहर ने वीडियो भी बनाया। वीडियो फेसबुक पर विनय मेहर ने किया पोस्ट। कोई कार्रवाई होगी? इस ट्वीट के सामने आने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने गुरुवार को दोपहर 12.15 बजे बैरसिया एसडीएम आशुतोष गोस्वामी को जांच सौंपी थी। करीब तीन घंटे में ही जांच पूरी कर मेहर पर बैरसिया थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई।




## मोदी जी का झूठ और जुमले का टाईटेनिक 4 जून को डूबेगा

■ स्वतंत्र समय, भोपाल

तीन चरण के चुनाव होने के बाद ऐसा दिख रहा है की मोदी सरकार के प्रति लोगों में बहुत गुस्सा है। इस गुस्से ने प्रधान मंत्री और भाजपा की नींद उड़ा दी है। भाजपा का जमीनी कार्यकर्ता, विफलताओं पर जवाब नही दे पा रहा है। इसलिए मोदी जी विकसित भारत, सबका साथ सबका विकास, राम मंदिर, 400 पार वाले मुद्दे छोड़कर, मटन, मछली, मंगलसूत्र, मुसलमान, घुसपैठिए, पाकिस्तान, मंदिर पर बाबरी ताला और अंबानी अदानी की बात करने लगे है।



यह बात एआईसीसी प्रवक्ता चरण सिंह सपरा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कही। उन्होंने कहा-400 सीट जीतकर संविधान को बदलने की इच्छा इनके अनेक नेताओं ने जताई है। आरक्षण को खत्म करना भाजपा और आरएसएस का छुपा एजेंडा है। कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में कहा है की जरूरत पड़ी तो हम आरक्षण 50 प्रतिशत के आगे भी ले जाएंगे। क्या मोदी जी इसके लिए तयार है? भाजपा जातिगत जनगणना का विरोध क्यों करती है? उन्होंने कहा-भाजपा सरकार ने 80 करोड़ जनता को 5 किलो सरकारी राशन का मोहताज बना दिया।




















स्वामी, भाग्य पब्लिकेशन प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मृदुल कुमार जैन द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड 44-45 सेक्टर एफ इंडस्ट्रियल एरिया सांवेर रोड इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित कर, सतगुरु इलाइट, पांचवी माला, एम.जी.रोड, हाई कोर्ट के सामने, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादकः *पंकज मुकाती, फोन नं. 0755-4324126, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। भोपाल म.प्र.। RNI No. MPHIN/2014/63802 E-MAIL swatantrasamay@gmail.com